उज्जैन
शनिवार
21
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-110
मालवा डिविजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



धनुष के प्रीमियर में आने का कारण रोमांटिक नहीं मृणाल ठाकुर बोलीं- मैं उनकी लंबे समय से फैन हूं, साथ काम करने की इच्छा है

पेज- 8

## राहुल गांधी ने बयान दर्ज कराए, सुल्तानपुर कोर्ट में अगली सुनवाई 9 मार्च को

**सुलतानपुर।** गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी यूपी के सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश हुए। राहुल करीब 20 मिनट तक कोर्ट में रहे और अपना बयान दर्ज कराया। अब मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी। कोर्ट में मौजूद वकीलों के मुताबिक, कोर्ट में पहुंचने पर राहुल गांधी ने जज को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। सुनवाई के बाद भी उन्होंने जज को धन्यवाद कहा। इसके बाद वहरामचेत मोची की दुकान पर रवाना हो गए, जहां वह उनके परिवार से मुलाकात करेंगे। रामचेत की 3 महीने पहले कैंसर से मौत हो गई थी। रामचेत वही मोची थे, जिनकी दुकान पर एक साल पहले राहुल गांधी ने जूते सिले थे। राहुल ने रामचेत को सिलाई मशीन भेजी थी।



## सुप्रीम कोर्ट ने बाबर/बाबरी मस्जिद नाम पर रोक की मांग वाली याचिका ठुकराई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी शुक्रवार को सुनवाई के बाद उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी नई मस्जिद के निर्माण या नामकरण पर रोक लगाने की मांग की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने स्पष्ट किया कि यह मामला अदालत के हस्तक्षेप के दायरे में नहीं आता। कोर्ट ने कहा कि इस तरह की व्यापक रोक लगाने का कोई ठोस कानूनी आधार प्रस्तुत नहीं किया गया है। याचिका में विशेष रूप से मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद नाम से निमार्णाधीन मस्जिद का उल्लेख किया गया था। यह निर्माण हुमायूं कबीर से जुड़ा बताया गया है, जिन्हें तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निलंबित कर दिया था।

## एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विनोद जाखड़ की हुई नियुक्ति

**नई दिल्ली।** विनोद जाखड़ एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विनोद की नियुक्ति को मंजूरी दी। बता दें कि विनोद राजस्थान से संबंधित हैं। बता दें कि एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में लगभग 15 संभावित उम्मीदवारों से व्यक्तिगत इंटरव्यू लिए, जिसमें प्रभारी कन्हैया कुमार भी मौजूद थे। जाखड़ अभी राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जाखड़ की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।



## टीवी की आवाज कम करने का कहने पर चाकू से गोदकर कर दी पति की हत्या

**मंगलगिरी।** आंध्र प्रदेश के मंगलगिरी से रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पत्नी ने महज टीवी की आवाज कम करने को लेकर हुए विवाद में अपने ही पति की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 27 वर्षीय शेख अहमद के रूप में हुई है, जो पेशे से एक एसी मैकेनिक था। अहमद अपनी पत्नी के साथ मंगलगिरी की टिडको हाउसिंग कॉलोनी में रहता था। पुलिस ने बताया कि टीवी की तेज आवाज को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई थी। यह मामूली कहासुनी इतनी बढ़ गई कि पत्नी ने तैश में आकर अपने पति पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल हुए शेख अहमद को लहूलुहान हालत में देखकर आस-पास के लोगों ने तुरंत विजयवाड़ा के सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद इलाज के दौरान अहमद ने दम तोड़ दिया।

### भिंड में नेशनल हाईवे- 719 पर छींमका के पास हादसा, बस-वैन में आमने-सामने की भिड़ंत

# 5 लोगों की मौत, 7 लोग गंभीर

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भिंड

भिंड में शुक्रवार देर रात बस और वैन आमने-सामने भिड़ गए। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए।

हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास नेशनल हाईवे-719 पर रात 2.30 बजे हुई। गोहद चौराहा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ के अनुसार, ईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस भिंड से ग्वालियर की ओर जा रही थी।




हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों को एंबुलेंस से ग्वालियर रेफर किया गया। फिलहाल, घायलों का ग्वालियर में इलाज जारी है। टीआई ने बताया कि अभी दो मृतकों की पहचान हुई है। इनके नाम अतुल शिवहरे निवासी फूप और जगदीश भदौरिया निवासी स्योड़ा गांव अकोड़ा है। बाकी के शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस परिजनों का पता लगाने के लिए दस्तावेजों और वाहन नंबर के आधार पर जांच कर रही है। जिस जगह हादसा हुआ, वहां अंधा मोड़ है। हो सकता है दोनों वाहन तेज रफ्तार में हों। हादसे की जांच जारी है। दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है।

# 24 को भोपाल आएंगे राहुल गांधी और खड़गे

### ट्रेड डील के खिलाफ लड़ाई की एमपी से होगी शुरूआत, राष्ट्रव्यापी आंदोलन होगा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 24 फरवरी को भोपाल आएंगे, जानकारी के मुताबिक यहां किसानों से जुड़ा एक बड़ा सम्मेलन आयोजित होगा। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरूआत मध्य प्रदेश से की जाएगी।

**एमपी से आंदोलन की शुरूआत होगी-** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इस समझौते से सोयाबीन, कपास और मक्का उत्पादक किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों के हितों की इस लड़ाई को राहुल गांधी और खड़गे के नेतृत्व में देशभर में आगे बढ़ाया जाएगा, जिसकी शुरूआत मध्य प्रदेश से होगी।

### धीरेंद्र शास्त्री का गांव अब प्रॉपर्टी हब

## खेती की जमीन पर बना रहे कॉलोनी, भोपाल-इंदौर से ऊंचे दाम

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ छतरपुर

हीरे जैसी रिटर्न, 6 महीने में 50% मुनाफा, धाम के सबसे नजदीक प्लॉट जैसे दावे हर दीवार पर चिपके हैं। ये दीवारें मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में बसे गढ़ा गांव की हैं। इसकी पहचान अब पूरी दुनिया में बागेश्वर धाम के नाम से है।

हाल ही में यहां धीरेंद्र शास्त्री ने 305 गरीब, दलित और जरूरतमंद लड़कियों का सामूहिक विवाह कराया। दावा है कि कार्यक्रम में 10 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे और 200 एकड़ में पांडाल सजा। इस भव्य आयोजन के बीच एक और तस्वीर उभरकर सामने आई- समूचे गांव में धार्मिक कार्यक्रम के पोस्टरों से ज्यादा कॉलोनियों, प्लॉट्स और लैंड प्रोजेक्ट्स के बैनर लगे मिले। गांव में बागेश्वर धाम के कारण जमीनों की कीमतें भोपाल, इंदौर और उज्जैन जैसे शहरों के बराबर या उनसे भी ज्यादा हो गई है, इसी का फायदा उठाने के लिए आज गढ़ा गांव में दर्जनभर से ज्यादा कॉलोनाइजर खेतों में प्लॉट बेच रहे हैं।



## ट्रम्प ने सभी देशों पर 10% नया टैरिफ लगाया

### इससे 3 घंटे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पिछला आदेश रद्द किया, इससे भारत का 18% टैरिफ खत्म

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले के 3 घंटे के अंदर डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनियाभर पर 10% ग्लोबल टैरिफ लगा दिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वह आज एक आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत 10% का ग्लोबल टैरिफ लगाया जाएगा।

इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान के तहत टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है। ट्रम्प ने इसकी आलोचना करते हुए कहा- यह बहुत निराशाजनक है। मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि, इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं।



हालांकि, बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत वैश्विक 10% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, न कि उस टैरिफ दर का जिस पर उन्होंने पहले बातचीत की थी। इससे भारत पर कुल टैरिफ 18% घटकर 10% रह जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि जज कट्टर वामपंथियों के पालतू हैं। वे देशभक्ति नहीं दिखा रहे हैं और संविधान के प्रति वफादार भी नहीं हैं। जज कुछ लोगों से डरते हैं इसलिए सही फैसला लेना नहीं चाहते।

# पशुपालकों के आगे नगरनिगम बेबस





**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

तुम डाल डाल तो हम पेत पात ये कहावत शहर मे सत्य देखने को मिलती है जब शहर की मुख्य सड़कों पर स्वच्छंद घूमते गोवंश को पकड़ने नगरनिगम की गैंग आती है। गैंग के आते ही पशुपालक धड़धड़ाती मोटरसाइकिलों से तेज हार्न बजाकर इन पशुओं को घेर ले जाते हैं और बेबस नगरनिगमकर्मी हाथ मलते नजर आते हैं।

**घर का भेदी लंका ढहाए-** ये मंजर देख एक बात तो साफ है कि नगरनिगम की पशु पकड़नेवाली गैंग में ही कोई मुखबिर बैठा हुआ है जो स्वहित के चलते इन पशुपालकों को पूर्व सूचना दे देता है कि आज इस समय नगरनिगम गैंग इस इलाके में पशु पकड़ने निकलेगी। मंजर मजेदार होता है जब पशुपालक आगे आगे पशुओं को ठेलते हुए रफूचक्कर हो जाते है और पीछे नगरनिगम की गैंग निराश होकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है।

### शहर मे मवेशी रखने पर सख्ती जरूरी

ये मवेशी मुख्य सड़कों पर जमघट लगाए रहते हैं। कुछ धर्मनिष्ठ लोग इन्हें सड़कों पर ही घांस व लचका डाल देते हैं। खाने की होड में ये मल्लयुद्ध करते हुए दुर्घटनाओं को जन्म देते हैं। शहर मे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं पर प्रशासन इन पशुपालकों पर सख्त कार्रवाई नहीं कर सका। शहर मे रहवासी क्षेत्र में पशु बंधे दिखते हैं। ये दिनभर स्वच्छंद घूमते हैं और रात मे घर पहुंच जाते हैं। समय रहते इन पशुपालकों पर चालानी कार्यवाही हो ताकि किसी घर का चिराग इन पशुओं के कारण हुई दुर्घटना का शिकार न बने।



## खबर एक नजर...

### चंद्र ग्रहण के सूतक काल में भी निकलेगी परंपरागत गेर

**उज्जैन।** 3 मार्च को धुलेंडी पर्व पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से परंपरागत गेर निकालने की भी मान्यता है। जो लोक मान्यता तथा रंगोत्सव का एक प्रतीकात्मक रंजन माना जाता है। पं. अमर डब्बावाला ने बताया शास्त्रीय अभिमत में ग्रहण के सूतक के अंतर्गत सामान्यतः नियमन की बात कही जाती है, किंतु यह बात भी सामने आती है कि यदि ग्रहण का सूतक चार याम (प्रहर) का हो तो प्रथम याम में परंपरागत कर्म या क्रियात्मकता का कोई दोष नहीं माना जाता है। इस संबंध में अलग-अलग पुराणों में सांकेतिक प्रभाग दिया है। उज्जैन में धुलेंडी के दिन निकलने वाली गेर में कोई बंधन नहीं है अर्थात गेर निकाली जा सकेगी यथासमय पर जो हमेशा से निकलती आ रही है। चंद्रग्रहण के सूतक में पहले प्रहर में लोक परंपरा के शुष्क पर्व की व्यावहारिकता के निर्वहन करने में कोई दोष नहीं है, इसलिए पहले प्रहर में गेर निकाली जा सकती है।

### मालीपुरा में 2 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**उज्जैन।** होलिका उत्सव की पूर्व संध्या पर मालीपुरा सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में 2 मार्च को 79वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। समिति के संरक्षक सत्यनारायण चौहान और अध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि कवि सम्मेलन 2 मार्च की रात 9 बजे से मालीपुरा चौराहे पर आयोजित किया जाएगा। इस साहित्यिक आयोजन में देश के कई ख्याति प्राप्त कवि अपनी कविताओं और हास्य-व्यंग्य की रचनाओं का पाठ करेंगे। समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

### पेड़ से गिरकर हुई बंदर की मौत, दाह संस्कार कर भोज भी कराया




**उज्जैन।** गांव में लंबे समय से एक बंदर का आना-जाना था। ग्रामीणों का उससे लगाव हो गया था। पिछले दिनों पेड़ से गिरने पर बंदर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसे सिर्फ जानवर की मौत नहीं माना। विधि-विधान से दाह संस्कार किया। आत्मा की शांति के लिए सामूहिक भोज भी रखा गया। इसमें जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर ओम दास पुजारी, राय सिंह मेवाड़ा आष्टा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, केदार सिंह मंडलोई, देवजी सरपंच कोठरी मंडल, रघुनाथ मालवीय, रूपेश राठौर, नवयुवक अध्यक्ष सिलेंद्र मेवाड़ा, राकेश परमार सरपंच किलेरामा, बाबूलाल सरपंच सियाखेड़ सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### उज्जैन में त्योहारों से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च

**उज्जैन।** उज्जैन में आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने शनिवार सुबह फ्लैग मार्च निकाला। शहर में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च टावर चौक से शुरू किया गया। होली, रंगपंचमी और रमजान को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के अलग-अलग संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। टावर चौक से शुरू हुआ यह मार्च तीन बत्ती चौराहा, माधव नगर रेलवे स्टेशन रोड, लोटी चौराहा होते हुए नीलगंगा और हरी फाटक रोड तक पहुंचा। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि नागरिक निर्भय होकर अपने त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना सकें, इसी उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने बताया कि यह मार्च मुख्य बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी किया गया, ताकि लोगों में सुरक्षा का विश्वास बना रहे।

### शिक्षक के नवप्रवर्तन ने खोले खगोलीय द्वार

# सूर्य की छाया का भ्रमण देख विद्यार्थी समय का मापन सीखेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

कौन कहता है आसमान मे सूराख हो नहीं सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो। ये प्रेरणादायी उक्ति जीवन मे सत्य हो जाती है जब कोई नवप्रवर्तन करके नई राह खोल देता है ज्ञान की, प्रयोग की। ऐसा ही कुछ किया है शहर के शासकीय माधवनगर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भूगोल शिक्षक निरंजनकुमार बैलिया ने। शिक्षक की जिद ने विद्यालय प्रांगण मे शंकु यंत्र को मूर्तरूप दे दिया जिसके माध्यम से छात्र छात्राएं अब सूर्य की परछाई का अध्ययन सरलता से कर पाएंगे।




**सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटा दिन साक्षात देख सकेंगे-** शंकु यंत्र में एक गोलाकार चबूतरा होता है जिसपर बीचोंबीच एक डंडेनुमा छड़ होती है। सूर्य की रोशनी इस चबूतरे पर अंकित रेखाओं पर अलग अलग समय इस शंकु की परछाई पकड़ लेती हैं और समय का मापन हो जाता है। सूर्य की परछाई की लंबाई मापकर दिन के समय का सटीक ज्ञान हो जाता है। खगोलीय घटनाओं जैसे वर्ष का सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटा दिन भी परछाई द्वारा प्रत्यक्ष देखा व समझा जा सकता है। वर्ष के सबसे बड़े दिन अथार्त 21 जून के समय शंकु यंत्र पर छाया पूरी तरह लुप्त हो जाती है।

**देखकर समझना आसान-** शिक्षक होने के नाते मेरा ये कर्तव्य है कि विद्यार्थियो के लिए भूगोल जैसे गूढ़ विषय के क्लिष्ट टापिक्स को सरल व सुबोध बनाकर छात्रों को समझाया जाए ताकि वे रूचि लेकर आगे इस विषय में प्रगति करें और अनुसंधान द्वारा खगोल के नवीन द्वार खोलें इसी भावना के रहते मैंने विद्यालय परिसर मे शंकु यंत्र स्थापित करने का संकल्प लिया और काफी हद तक ये पूर्णरूप ले चुका है। जल्दी ही इसे विद्यार्थियों को समझाने के लिए उपयोग में लिया जाएगा।



**निरंजनकुमार बैलिया, व्याख्याता, भूगोल।**

सांदीपनि जैसे महान गुरू की इस पावन धरा पर यदि शिक्षक नवप्रवर्तन करके इसी प्रकार के बोधगम्य यंत्र बनाने मे रूचि लेते रहें तो वह दिन दूर नहीं जब शहरअपनी प्राचीन शिक्षास्थली की प्रसिद्धि की विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

# शासकीय कार्यालय की धज्जियां उड़ाते कर्मचारी

## समय से पहले कर्मचारी अपने घर पहुंच जाते हैं ड्यूटी भी पूरी नहीं करते

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

उज्जैन कुछ दिन से हमें सूत्रों के माध्यम से खबर मिल रही है कि क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन उज्जैन में कर्मचारी समय पर नहीं आते जाते हैं।

अपनी मर्जी से कार्यालय से निकल जाते हैं जबकि शासन की गाइडलाइन अनुसार शासकीय कार्यालय प्रातः 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक खुले रहना चाहिए परंतु क्षेत्रीय कार्यालय में प्रबंधक भी कार्यालय पर उपस्थित नहीं थे। इसीलिए सरकार ने नियम बनाया है थम मशीन का ताकि हर कार्यालय में थम मशीन लगाई जाए और कर्मचारी अपनी मनमानी न करें परन्तु देवास गेट वाले कार्यालय पर कर्मचारी तो कर्मचारी क्षेत्रीय प्रबंधक, उदय सिंह मोर भी नजारत रहते हैं। इस वेयरहाउस वाले कार्यालय में तो राम राज्य चल रहा है जिसकी इच्छा हो जब आता है जिसकी इच्छा हो जब चले जाता है। क्योंकि यहां पर थम मशीन नहीं लगाई गई है और तो और प्रबंधन की मनमानी तो चरम सीमा पर है, जो प्रबंधक साहब मोर बोलते हैं वही होता है। क्योंकि इस कार्यालय की सुध लेने वाले कोई बड़े अधिकारी ने कभी ध्यान ही नहीं दिया है। इस कार्यालय के बारे में अगले अंक में बहुत कुछ ओर प्रकाशित किया जाएगा व खुलासा भी करेंगे।




# कोयला फाटक-गोपाल मंदिर मार्ग चौड़ीकरण में व्यापारी आमने-सामने

## 5 व्यापारियों ने विरोध में याचिका लगाई, कई चौड़ीकरण के पक्ष में आए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

उज्जैन शहर के प्रमुख कोयला फाटक से गोपाल मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण में कंठाल से लेकर छत्री चौक तक होने वाले चौड़ीकरण को लेकर व्यापारी आमने सामने हो गए है। इस मार्ग के रहवासियों को चौड़ीकरण का नोटिस मिलते ही विरोध में जहा पांच व्यापारी कोर्ट से स्टे ले आए तो वही अब अन्य व्यापारी इस चौड़ीकरण को सही और शहर की जरुरत बताते हुए व्यापारियों का विरोध कर रहे है।

अरविंद मेदेवाला ने बताया कि कंठाल से गोपाल मंदिर तक रोज भारी ट्रैफिक जाम लग रहा है और स्कूली बसें फंस रही हैं। इस मार्ग से बाबा महाकाल की शाही सवारी निकलती है, रोजाना भीड़ के चलते लोगों को पैदल चलने तक जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में मनीष गुप्ता, भरत जैन, अनिल गादिया, सौभागमल गादिया और प्रदीप गादिया द्वारा विरोध किया जा रहा है।

इनके मकानों की गहराई 65 से 100 फीट तक है। इसके बावजूद ये लोग शहर के विकास के लिए मात्र 10 फीट जगह देने को तैयार नहीं हैं। मांग की गई है कि नगर निगम इनके मकानों की वास्तविक गहराई की माप करे।



विरोध करने वालों की मंशा पर सवाल उठाते हुए मेदेवाल ने कहा कि ये लोग राज्य सरकार की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं में रोड़ा अटका रहे हैं, मुख्यमंत्री उज्जैन को स्मार्ट सिटी बनाने का बेहतरीन प्रयास कर रहे हैं, ऐसे में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले ही इसका विरोध क्यों कर रहे हैं।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ की नारेबाजी, 6 स्थानों पर फूंके पुतले

# उज्जैन में कांग्रेस ने किया गधे के साथ प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

उज्जैन जिला कांग्रेस ने शुक्रवार को अनोखे ढंग से प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ गधे के सामने नारेबाजी कर विरोध जताया। इस दौरान शहर भर में 6 अलग-अलग स्थानों पर पुतले भी जलाए गए।

यह प्रदर्शन उज्जैन में ढाबा रोड पर किया गया। कार्यकर्ताओं ने गधे को प्रतीक बनाकर उसके सामने खड़े होकर नारे लगाए। इस दौरान कैलाश तेरी गुंडागर्दी नहीं चलेगी और मुर्दाबाद जैसे नारे गूंजे। कुछ कार्यकर्ताओं ने गधे को संबोधित करते हुए व्यंग्यात्मक टिप्पणियां भी कीं।



कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मंत्री द्वारा सदन और सार्वजनिक मंचों पर उपयोग की जाने वाली भाषा लोकतांत्रिक मयार्दा के अनुरूप नहीं है। इसी विरोध स्वरूप कैलाश विजयवर्गीय के पुतले दहन किए गए।


**ऐसे व्यवहार का विरोध जारी रहेगा-** नेता प्रतिपक्ष रविराय ने कहा कि यदि विधानसभा में विपक्ष कोई मुद्दा उठाता है, तो उसे औकात में रहो जैसे शब्द कहे जाते हैं, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी ऐसे व्यवहार का विरोध जारी रखेगी।

एक अन्य कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मंत्री अपने विभागों और उपलब्धियों को लेकर सार्वजनिक रूप से चुनौती देते हैं, लेकिन उनकी भाषा और आचरण एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के अनुरूप नहीं है। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शन प्रतीकात्मक रूप से किया गया है, ताकि जनता के सामने उनका विरोध दर्ज कराया जा सके।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में यह प्रदर्शन कुछ समय तक चला। पुलिस की मौजूदगी में पुतला दहन किया है। शाम को पार्टी स्तर पर आगे की रणनीति को लेकर भी चर्चा की बात कही गई।

उज्जैन
शनिवार
21
फरवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### अन्नपूर्णा और सदर बाजार में चोरी की वारदात

**इंदौर।** इंदौर में गुरुवार रात दो अलग-अलग इलाकों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। एक मामला अन्नपूर्णा क्षेत्र का है, जहां शादी समारोह में गए केटरिंग व्यवसायी के घर से जेवरात चोरी हो गए। वहीं सदर बाजार में चोरों ने घर में घुसने से पहले सीसीटीवी कैमरों की दिशा बदल दी और वारदात को अंजाम दिया। अन्नपूर्णा पुलिस थाना के अनुसार उषानगर निवासी राजेश सोमानी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। राजेश सोमानी केटरिंग व्यवसाय से जुड़े हैं। गुरुवार को वह पत्नी के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने उज्जैन गए थे। घर पर उनका बेटा सिद्धांत और बुजुर्ग पिता मौजूद थे। रात में सिद्धांत छत पर टहलने चला गया, जबकि दादा नीचे टीवी देख रहे थे। इसी दौरान चोर घर में घुस गया। चोर चार सोने की अंगूठियां, कान के टॉप्स, कान की चेन, सोने की नथ, चांदी का सेट, ब्रेसलेट सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया। परिवार के मुताबिक बेटे ने नीचे से कुछ आहट सुनी थी। छत से देखने पर उसे एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में थैली लेकर जाते दिखाई दिया। नीचे पहुंचने तक वह फरार हो चुका था। देर रात जब दंपति लौटे तो कमरे में अलमारी का सामान बिखरा पड़ा मिला। पुलिस शुक्रवार को आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी।

### सदर बाजार में कैमरे घुमाकर दिया वारदात को अंजाम

**इंदौर।** सदर बाजार क्षेत्र में भी चोरी की घटना हुई है। चोर गौरव कश्यप के मेन रोड स्थित घर में घुसे। वारदात से पहले उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की दिशा बदल दी, ताकि उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड न हो सकें। इसके बाद सोने की चेन और अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### वार्ड 57 में महापौर की चौपाल:ऑटो किराया, ट्रैफिक और सफाई पर उठे सवाल

**इंदौर।** इंदौर के विधानसभा-3 के वार्ड 57 में शुक्रवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जनता चौपाल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। चौपाल से पहले महापौर ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। महापौर ने कहा कि इंदौर जनभागीदारी के लिए दुनिया में जाना जाता है। यही शहर की स्वच्छता व विकास की सबसे बड़ी ताकत है। वार्ड 57 में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ तेज किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद सुरेश टाकलकर, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष भरत पारख, महापौर प्रतिनिधि भावेश दवे, जोनल अधिकारी सहित बड़ी संख्या में रहवासी मौजूद रहे। महापौर ने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष जताया, लेकिन कुछ कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। जेल रोड, लोधी मोहल्ला, नारायण बाग, पंतवेद नगर और रामबाग का दौरा करते हुए महापौर ने मेट्रो निर्माण से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पानी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं पर दीर्घकालिक काम शुरू किया है। फिलहाल कुछ असुविधाएं हो सकती हैं, लेकिन पूरा होने पर शहर को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। जनता चौपाल में नागरिकों ने ध्वनि प्रदूषण, मस्जिदों से तेज आवाज, संकरी बेकलाइन के बार-बार चोक होने, चूहों की समस्या और स्ट्रीट डॉग्स की बढ़ती संख्या जैसे मुद्दे उठाए। महापौर ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण के मामलों में कलेक्टर से चर्चा हो चुकी है और जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### विजयवर्गीय ने सिंघार को औकात बताई फिर दुख जताया

# कांग्रेस ने प्रदेशभर में किया प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

नगरीय विकास एवं आवास और संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को औकात बताने वाले बयान के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। भोपाल में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजयर्गीय का पुतला जलाने की कोशिश की। वहीं पुलिसकर्मी पुतला दहन से रोकने का प्रयास कर रहे थे।

इसे लेकर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच छीना-छपटी हुई। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। भोपाल के साथ ही प्रदेश में कई शहरों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुतले का दहन किया।



**अदाणी का नाम लेने पर मंत्री ने जताई आपत्ति-** विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार सिंगरोली में अडाणी की कंपनी को कोल ब्लॉक आवंटन के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच तीखी बहस हो गई। इसी दौरान संसदीय कार्यमंत्री विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष से कह दिया औकात में रहो।

चर्चा के दौरान सिंघार ने सरकार और अदाणी के बीच समझौते का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री विश्वास सारंग ने आपत्ति जताई और कहा कि जो व्यक्ति सदन में मौजूद नहीं है, उसका नाम नहीं लिया जाना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने भी इस परंपरा का पालन करने के निर्देश दिए।

### विधानसभा अध्यक्ष बोले- दोनों पक्षों को गुस्सा आ गया, यह अच्छा नहीं

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष गलत जानकारी दे रहे हैं। इस पर उमंग सिंघार ने कहा कि वह हर बात प्रमाण के साथ करते हैं और जरूरत पड़ने पर प्रमाण दे सकते हैं। दोनों नेताओं के बीच बहस तेज होने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक भी खड़े हो गए। सदन में कुछ समय तक हंगामा होता रहा और कार्यवाही प्रभावित हुई। 40 मिनट के अंतराल के बाद सदन की दोबारा कार्यवाही शुरू हुई तो प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आज दिन कुछ गरम-गरम सा है। तोमर ने कहा कि सदन के संचालन के लिए नियम और परंपरा का पालन जरूरी है। आज दुर्भाग्य से थोड़ी सी असहज स्थिति बन गई है। मध्य प्रदेश विधानसभा की गौरवशाली परंपरा रही है, सदन का गौरव लगातार बढ़ता रहे, इस बात का प्रयत्न सभी पक्षों के सदस्यों को करना चाहिए। तोमर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा कहते थे कि सदन में बात करते समय गुस्सा दिखना चाहिए, लेकिन गुस्सा आना नहीं चाहिए। लेकिन आज दोनों पक्षों को गुस्सा आ गया है, यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मजबूत पहिए हैं। सभी से आग्रह करूंगा कि इस विषय का यही पटाक्षेप करें।

**मंत्री विजयवर्गीय बोले- अपने व्यवहार से अप्रसन्न, उमंग को प्यार करता हूं-** संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुझे करीब 37 साल का राजनीतिक अनुभव है। आज मैं खुद अपने व्यवहार से प्रसन्न नहीं हूं। जो जवाबदार पद पर बैठते हैं, चाहे विधानसभा अध्यक्ष हों, चाहे मुख्यमंत्री हों, चाहे नेता प्रतिपक्ष हों, अगर वे संसदीय मयार्दाओं का पालन नहीं करेंगे तो बाकी सदस्य कैसे करेंगे।

# गंदगी के बीच बना रहे 1600 किलो गुलाब जामुन जब्त, फैक्टरी सील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

जिला प्रशासन ने शुद्ध होली-सुरक्षित इंदौर अभियान के तहत गुरुवार को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की। बड़ी कार्रवाई उद्योग नगर पालदा स्थित सतगुरु फूड्स पर की गई, वहां गंदगी के बीच बिना लाइसेंस के गुलाब जामुन का निर्माण होते पाया गया। मौके पर लगभग 1,600 किलो गुलाब जामुन जब्त कर फैक्टरी सील की गई।

जानकारी के अनुसार, खंडेलवाल कंपाउंड, उद्योग नगर पालदा स्थित सतगुरु फूड्स के निरीक्षण में निर्माण स्थल पर अत्यधिक गंदगी में रखा रॉ-



मटेरियल, पेस्ट कंट्रोल का रिकॉर्ड न होना, कर्मचारियों की मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट का अभाव, बिना कैप के काम करते कर्मचारी और निर्माण में प्रयुक्त पानी की जांच रिपोर्ट न होना पाया गया। प्रतिष्ठान के पास वैध अनुज्ञप्ति भी नहीं मिली। तैयार शाही गुलाब जामुन के 800 ग्राम और 1500 ग्राम पैक के दो नमूने लिए गए।

इसी के साथ प्रशासन के दूसरे दल ने पिपलिया राव क्षेत्र में जय नमकीन से नमूना लिया और सफाई के निर्देश दिए। तीसरे दल द्वारा रणजीत हनुमान मंदिर रोड स्थित राजकमल भोजनालय के निरीक्षण में किचन और भंडार कक्ष में अव्यवस्थित रख-रखाव और दस्तावेजों की कमी पाई गई। यहां से पनीर और आटे के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को लेबोरेटरी भेजा गया है।

## 188 करोड़ के बैंक घोटाले में उद्योगपति शाहरा की पत्नी की 5.13 करोड़ रुपए की जमीन अटैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

रुचि ग्लोबल लिमिटेड से जुड़े 188 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नीता शाहरा की 5.13 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन अटैच कर दी है। कंपनी का नाम अब एग्रोटेड इंटरप्राइजेस लिमिटेड हो गया है।

नीता शाहरा, कंपनी से जुड़े उद्योगपति उमेश शाहरा की पत्नी हैं। जांच में सामने आया कि बैंक से धोखाधड़ी कर प्राप्त रकम का इस्तेमाल संपत्तियां खरीदने में किया गया था, इसी आधार पर पीएमएलए के तहत यह कार्रवाई की गई।

यह केस भोपाल में सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के बाद ईडी ने अपने हाथ में लिया था। बैंकों के कंसोर्टियम, जिसकी अगुवाई बैंक ऑफ बड़ौदा कर रहा था, ने कंपनी पर 188.35 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। कंपनी ने क्रेडिट सुविधाएं और लेटर ऑफ क्रेडिट हासिल करने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेज लगाए और गलत व्यापारिक लेन-देन दिखाकर लोन स्वीकृत कराया।

# शिलॉन्ग ट्रिप पर पति को दिया जहर, हत्या की कोशिश

## इंदौर का वकील बोला- 25 तोला सोना लेकर भागी पत्नी, जिसे भाई बताया वो ही प्रेमी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के खुडैल क्षेत्र में रहने वाले एक वकील ने अपनी पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वकील का दावा है कि पत्नी ने जिस युवक को अपना भाई बताकर मिलवाया था, वह दरअसल उसका प्रेमी निकला। दोनों ने मिलकर शिलॉन्ग ट्रिप के दौरान उसे जहर देकर और पहाड़ से धक्का देकर हत्या की कोशिश की। बाद में पत्नी घर से 25 तोला सोना और नकदी लेकर फरार हो गई।

पीड़ित भूपेंद्र के अनुसार, उनकी मुलाकात नीलिमा से एक मैट्रिमोनियल साइट के जरिए हुई थी। उस समय



नीलिमा ने खुद को तलाकशुदा बताया। परिचय बढ़ने के बाद नवंबर 2024 में दोनों ने शादी कर ली। शादी के कुछ समय बाद नीलिमा ने शुभम नाम के युवक को अपना भाई बताकर घर में आना-जाना शुरू कराया।

**खाने में मिलाया जहरीला पदार्थ-** वकील के मुताबिक, शादी के बाद दोनों शिलॉन्ग घूमने गए। वहां एक दिन पत्नी ने खाने में कथित तौर पर जहरीला पदार्थ मिला दिया, जिससे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। आरोप है कि बाद में एक पहाड़ी स्थल पर ले जाकर उन्हें धक्का देने की कोशिश की गई। किसी तरह वह बच गए।

**इंदौर लौटने पर पत्नी पर हुआ शक-** इंदौर लौटने के बाद उन्हें पत्नी की गतिविधियों पर शक हुआ। उन्होंने नीलिमा के पहले विवाह से जुड़े तलाक के दस्तावेज निकलवाए। दस्तावेजों में उल्लेख था कि शुभम उसका भाई नहीं बल्कि प्रेमी है और उसका सरनेम गुप्ता है। यह जानकारी सामने आने के बाद विवाद बढ़ गया।

- **हर महीने 20 हजार की मांग, झूठे केस की धमकी-** भूपेंद्र का आरोप है कि शादी के बाद नीलिमा हर महीने 20 हजार रुपए देने का दबाव बनाती थी। विरोध करने पर वह झूठे दहेज प्रकरण में फंसाने और आत्महत्या की धमकी देती थी। वकील के अनुसार, शुभम के घर आने पर वह घंटों कमरे में उसके साथ रहती थी और लगातार व्हाट्सऐप चैटिंग करती थी। पूछने पर विवाद होता था।
- **मानसिक बीमारी के दस्तावेज मिलने का दावा-** पीड़ित ने यह भी दावा किया कि घर की अलमारी से एक फाइल मिली, जिसमें नीलिमा के मानसिक बीमारी के उपचार से जुड़े दस्तावेज थे। यह जानकारी विवाह से पहले छिपाई गई थी।
- **होली पर गई, फिर नहीं लौटी-** आरोप है कि 3 मार्च 2025 को शुभम नीलिमा को होली के बहाने उत्तर प्रदेश ले गया। इस दौरान वह घर से जेवर भी साथ ले गई। बाद में पता चला कि उसका तलाक ब्यावरा में हुआ था। पीड़ित का कहना है कि पत्नी करीब 25 तोला सोना और नकदी लेकर गई है। मोबाइल पर उसने झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी।
- **पुलिस ने दर्ज की एफआईआर-** खुडैल पुलिस के एसआई सत्येंद्र सिंह सिसोदिया के मुताबिक, नीलिमा निवासी ग्राम मडोरी, जिला जालौन और शुभम सेंगर उर्फ गुप्ता के खिलाफ बीएनएस-2023 की धारा 318(4), 303(2) और 61(2) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में 22 को 'राष्ट्रचिंतन' का महाकुंभ: 25 हजार श्रोताओं के बीच गूंजेंगे पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ के ओजस्वी विचार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पाश्चात्य संस्कृति की ओर तेजी से आकर्षित हो रही युवा पीढ़ी में सनातन धर्म और भारतीय मूल्यों के प्रति जन-जागरण के लिए शहर में एक वृहद वैचारिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान और सकल हिन्दू समाज के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी रविवार को 'राष्ट्रचिंतन' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। सामाजिक न्याय परिसर में शाम 7 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रखर राष्ट्रवादी और ओजस्वी वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ 'वर्तमान स्थिति में सनातन की भूमिका' विषय पर अपना मुख्य वक्तव्य देंगे।

#### 25 हजार श्रोताओं के जुटने का अनुमान

आयोजन के संयोजक हरिसिंह यादव ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ को आज पूरा देश उनके बेबाक और प्रखर विचारों के लिए जानता है। उनके द्वारा बोला गया एक-एक शब्द सीधे श्रोताओं के हृदय में उतरता है। यही कारण है कि इस आयोजन को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह है और करीब 25 हजार श्रोताओं के इस कार्यक्रम में पहुंचने की प्रबल संभावना है। कार्यक्रम में विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

#### युवाओं और समाज में होगा नई ऊर्जा का संचार

श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान वर्ष भर शहर में कई धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी में समाज में राष्ट्रप्रेम व सनातन के प्रति नई ऊर्जा पैदा करने के लिए यह 'राष्ट्रचिंतन' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक हरिसिंह यादव ने आयोजन के संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, संस्था के अध्यक्ष राजेश गर्ग, सचिव अक्षता यादव और श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान के सभी सदस्यों की ओर से शहर के सभी निवासियों से इस महत्वपूर्ण वैचारिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### पूर्णिमा सेवा संगठन का निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान जारी

# आज उज्जैन नगर के माधव नगर चिकित्सालय सहित बड़नगर के भाटपचलाना में शिविर आयोजित

### तराना, घट्टिया, बड़नगर एवं महिदपुर रोड में गूंजा 'दिल से कहो अपने मोहन जी हैं न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




पूर्णिमा सेवा संगठन का निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान 'दिल से कहो अपने मोहन जी हैं न', जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से सम्पूर्ण उज्जैन जिले में निरंतर जारी है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को महिदपुर रोड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर सम्पन्न हुआ। इसी श्रृंखला में आज शनिवार को शहर के माधव नगर चिकित्सालय में एवं बड़नगर विधानसभा के भाटपचलाना में शिविर आयोजित होगा।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से बताया कि ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारम्भ किये गए अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सम्पूर्ण उज्जैन जिले में इंदौर, उज्जैन, देवास एवं भोपाल के अशासकीय अस्पतालों के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हजारों नागरिकों ने अपनी हृदय जांच कराई है एवं सैंकड़ों लोग विभिन्न अस्पतालों में आयुष्मान अंतर्गत निःशुल्क उपचार का लाभ ले रहे हैं। अभियान की श्रृंखला में उज्जैन नगर के कई स्थानों सहित घट्टिया विधानसभा के ताजपुर, तराना विधानसभा के जावसिया कुमार, बड़नगर विधानसभा के बड़नगर नगर, रुनिजा एवं लोहाना में तथा महिदपुर विधानसभा के झूठावद सम्पन्न हुए हैं इसी क्रम में शुक्रवार को महिदपुर रोड में एस.एन.कृष्णा हॉस्पिटल के सहयोग से पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान की उपस्थिति में शिविर सम्पन्न हुआ, जिसमें नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की एवं परामर्श, जांच एवं उपचार की सेवा का निःशुल्क लाभ लिया।

#### आज उज्जैन नगर एवं बड़नगर विधानसभा में शिविर......

श्री खोईवाल ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आज 21 फरवरी, शनिवार को उज्जैन शहर के माधव नगर चिकित्सालय में अनंत हार्ट हॉस्पिटल भोपाल एवं बड़नगर विधानसभा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपचलाना में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देवास के सहयोग से शिविर आयोजित होगा।

जिलाधीश रोशनकुमार सिंह, सीएमएचओ अशोक कुमार पटेल, पूर्णिमाश्री सेवा संगठन के अध्यक्ष विक्रमसिंह गोंदिया, धर्मेन्द्रसिंह भदौरिया, उज्जैन नगर अभियान संयोजक दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोमे, कन्हैयालाल चौहान, विजय द्विवेदी, बाबूलाल पंवार, कांतीलाल परमार, सोनू भाटिया, जितेंद्र परमार,कमल बिलोनीया, अजय मकवाना, सुरेन्द्र मेहर, राजेश अहिरवार, महेंद्र गोमे, सुनील मेहर,दिलीप गांगोलिया, जितेंद्र चौधरी,अमृतेष त्रिवेदी , विकास करपरीया, पवन मकवाना,राजेश चौधरी, मनोज नागदेव,कमल चौधरी, अशोक माली, विकास मालवीय, धर्मेन्द्र सोलंकी, लखन परमार, सुभाष चोधरी,अर्जुन गोमे, चेतन बोरीवाल, विकास बाड़ोलिया सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील शहरवासियों से की है।

# मेरी आवाज ही पहचान है मेरी, रेडियो दिवस पर कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक उपकरण है, आवाज नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




शासकीय कन्या महाविद्यालय मे विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर,जेंडर क्लब के द्वारा, क्लब प्रभारी डॉ. पूजा साहू के संयोजन में ह्रआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक उपकरण है , आवाज नहींह्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं अतिथि स्वागत के साथ हुआ। मुख्य वक्ता ई-गवर्नेंस एवं ग्रामीण उद्यमिता के प्रमुख प्रशिक्षक डॉ. अंकित सिंह बिसेन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। एआई हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनता जा रहा है। आज 24 घंटे के भीतर किसी भी विषय पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है, किंतु अंतिम निर्णय मानव का स्वयं का होना चाहिए, क्योंकि एआई कितना भी बुद्धिमान क्यों न हो, उसका निर्माण मनुष्य द्वारा ही किया गया है।

विशिष्ट वक्ता जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री विवेक महावर ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को एआई के प्रभावी उपयोग के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि एआई से सही एवं सटीक उत्तर प्राप्त करने के लिए प्रश्न पूछने की एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया अपनानी चाहिए। इसके अंतर्गत उन्होंने पाँच प्रमुख सिद्धांत बताए मशीन को उस भूमिका में निर्धारित करें, जिसके संदर्भ में प्रश्न पूछना है। प्रश्न का स्पष्ट पृष्ठभूमि दें। अपेक्षित कार्य स्पष्ट करें। उत्तर किस प्रारूप में चाहिए, यह निर्दिष्ट करें। तत्पश्चात सुविचारित प्रश्न प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रश्न पूछने से अधिक सटीक एवं उपयोगी उत्तर प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भावनाशून्य है; उसमें संवेदना नहीं, केवल तर्क है। जबकि मनुष्य में तर्क के साथ संवेदना भी विद्यमान है। अतः मशीन से जानकारी प्राप्त करें, परंतु निर्णय अपने विवेक एवं मानवीय मूल्यों के आधार पर लें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना नागर ने एवं आभार की अभिव्यक्ति डॉ. पूजा साहू ने की। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन परिवार तथा बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग और अनुसूचित विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों का निरीक्षण किया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार दोपहर दो तालाब समीप स्थित आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित बालक महाविद्यालयीन छात्रावास, अनुसूचित विकास विभाग द्वारा संचालित सीनियर बालक छात्रावास,छात्रावास क्रमांक 10 का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान बेंचेस को पेंट करने , और सीसीटीवी कैमरों के नियमित संचालन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में पीने के पानी के लिए आरओ , भोजनशाला और छात्रावास में स्वच्छता ,खाने की गुणवत्ता का जायजा लिया और नाश्ता, लंच, डिनर की समय पर उपलब्धता की जानकारी छात्रों से प्राप्त की। छात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें समय पर भोजन प्राप्त होता है और छात्रावास में नियमित साफ सफाई भी की जाती है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट द्वारा छात्रों से चर्चा कर छात्रों को बोर्ड परीक्षा , इंटरनेट के सदुपयोग पर मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान आदिवासी विकास विभाग की जिला अधिकारी सुश्री निधि जायसवाल और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन: तीन मंत्रियों का फूंका पुतला

### नेता प्रतिपक्ष पर अमर्यादित टिप्पणी, दूषित जलप्रदाय और सेना के अपमान का आरोप; महाराजवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस ने गोपाल मंदिर चौराहे पर किया विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर उज्जैन में सत्ता पक्ष के खिलाफ विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत 'महाराजवाड़ा कार्तिक चौक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी' ने स्थानीय गोपाल मंदिर चौराहे पर राज्य सरकार के तीन मंत्रियों का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विजय शाह और राजेंद्र शुक्ल पर जनविरोधी होने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की कड़ी मांग की है।

महाराजवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. संचित शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा लगातार जनहित के मुद्दों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। इसके अतिरिक्त, दूषित जलप्रदाय, कफ सिरप मामले और सेना के अपमान जैसे अति-गंभीर विषयों पर भी मंत्रियों की घोर लापरवाही प्रतीत हो रही है। डॉ. शर्मा ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी लापरवाहियों के बावजूद राज्य सरकार द्वारा इन मंत्रियों को संरक्षण देना बेहद निंदनीय है।

इस दौरान कांग्रेस जनों ने सरकार और संबंधित मंत्रियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तत्काल इस्तीफे की मांग रखी। इस विरोध प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के साथ नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद अर्पित दुबे, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, अशोक सारवान, मुजीब सुपारी वाले, प्रतीक जैन, वसीम मोहम्मद, चंदू यादव, फिरोज भारती, समद भाई, दीपेश जैन, फूलचंद जरिया, चेतन माली, हर्ष जैन, कृष्णा यादव और हर्षवर्धन यादव सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। वहीं, विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों और पदाधिकारियों में चंद्रभान सिंह चंदेल, बबलू खींची, रहीम लाला, अभिषेक शर्मा, ऋतुराज सिंह चौहान, शंकर परमार, श्याम जटिया, अर्पण राठौर, दानिश राठी, हर्ष पुरोहित, हिमांशु शुक्ल, राहुल लोट, सोमेश जोशी, राजा ठाकुर और सन्नी कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### सिंहस्थ के मद्देनजर रेल्वे लाईन डालने पर आवागमन काफी सुलभ होगा

**महिदपुर.** राष्ट्र, प्रदेश व मालवा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के द्वार खोलने का स्वर्णिम समय आ चुका है। सिर्फ राजनैतिक दलों व जनता के द्वारा समय रहते अपनी आवाज बुलंद करके सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का है। राष्ट्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति रेल मंत्रालय नईदिल्ली के पूर्व सदस्य एवं पश्चिम रेल्वे मुंबई के पूर्व सलाहकार व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नवलखा ने सिंहस्थ के मद्देनजर रखते हुए उज्जैन आगर जगोटी घोंसला के मध्य रेल्वे लाईन डालने पर सिंहस्थ के आवागमन में समय दूरी, व रुपयो की भारी बचत होकर विकास का एक नया रास्ता खुल जाने से शाजापुर अनुसूचित लोकसभा क्षेत्र, उज्जैन लोकसभा अनुसूचित क्षेत्र व मंदसौर लोकसभा क्षेत्र को मक्सी, तराना, घटिया, महिदपुर, आलोट, जावरा विधानसभा को सीधी कनेक्टीविटी होने से सम्पूर्ण राष्ट्र को सीधी कम दूरी से तराना, घटिया, आलोट अनुसूचित क्षेत्र जुड़ने से उनका तीव्र विकास संभव है।

उक्त रेल मार्ग को ग्राम जगोटी में लिंक होने, उज्जैन का रास्ता आलोट के आगे कोटा, सवाई माधोपुर, मथुरा, नईदिल्ली व जावरा के आगे मंदसौर, नीमच, उदयपुर व अजमेर का संक्षिप्त मार्ग की स्वीकृति देने दूरी कम हो सकती है। वहीं इसी मार्ग से आने वालो को उज्जैन का नया शार्ट रुट प्राप्त हो जावेगा तथा मक्सी के रास्ते शाजापुर, गुना, ग्वालियर का मार्ग भी प्राप्त हो जावेगा। सिंहस्थ रेल्वे देश प्रदेश, मालवा के व्यापक हित में दो अनुसूचित लोकसभा, तीन विधानसभा को व क्षेत्र की जनता को विशेष लाभ प्राप्त होगा। श्री नवलखा ने बताया कि उक्त नवीन मार्ग बनने से भारी यातायात का दबाव भी कम होकर सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, शैक्षणिक वाणिज्यिक सांस्कृतिक क्षेत्र को विशेष लाभ होकर समग्र राष्ट्र को बहुत फायदा होगा।

# उज्जैन में हरित क्रांति का शंखनादः युग कार्स नेक्सा पर 'मारुति सुजुकी ई-विटारा' का भव्य लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के मोटर वाहन उद्योग में गुरुवार (19 फरवरी 2026) को एक नए और हरित अध्याय की शुरूआत हुई। देवास मार्ग स्थित प्रतिष्ठित 'युग कार्स नेक्सा' के वाहन प्रदर्शनी कक्ष (बिक्री केंद्र) में मारुति सुजुकी की बहुप्रतीक्षित पहली बैटरी चालित (इलेक्ट्रिक) कार 'मारुति सुजुकी ई-विटारा' का एक भव्य और गरिमामयी समारोह के बीच अनावरण किया गया।



इस शानदार लोकार्पण समारोह में उज्जैन संभाग के आयुक्त श्री संतोष टैगोर (आईएएस) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के उज्जैन महानगर जिला अध्यक्ष श्री हर्षवर्धन सिंह कुशवाह और युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री नितीश बैरागी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री टैगोर ने कहा कि 'बैटरी चालित वाहन केवल आज का विकल्प नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की सबसे बड़ी जरूरत हैं।' उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक बेहद महत्वपूर्ण पहल है और उज्जैन जैसे तेजी से विकसित होते शहर में इस अत्याधुनिक तकनीक का आना विकास की नई संभावनाएं खोलेगा। मारुति सुजुकी ने अपने इस दमदार बैटरी चालित वाहन की शुरूआती कीमत 10.99 लाख रखी है। कंपनी का दावा है कि अपनी भविष्योन्मुखी बनावट (डिजाइन), उन्नत तकनीकी विशेषताओं और शक्तिशाली विद्युत चालन प्रणाली के कारण ई-विटारा न केवल युवाओं की पहली पसंद बनेगी, बल्कि यह एक आदर्श पारिवारिक वाहन भी साबित होगी। इस खास मौके पर युग कार्स नेक्सा का शीर्ष प्रबंधन ग्राहकों के स्वागत के लिए तत्पर नजर आया। प्रतिष्ठान के प्रबंध निदेशक (एमडी) श्री युग बाहेती के नेतृत्व में मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) श्री संतोष भावसार, महाप्रबंधक राहुल विश्वकर्मा और गुणवत्ता प्रबंधक मेघा पाटीदार ने कार के अनावरण की औपचारिकताएं पूरी कीं।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत 126 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत ग्राम बेहपुर में 126 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह अत्यंत गरिमामय और मांगलिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में 60 जोड़ों ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ प्राप्त किया, जिसके तहत प्रत्येक वधू को राज्य सरकार की ओर से 49 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में साधु-संतों के सान्निध्य के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने सामूहिक विवाह को आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पाणिग्रहण संस्कार भारतीय संस्कृति का आधार है और सरकार इन परिवारों के साथ मित्र बनकर खड़ी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बेटियों को सम्मानपूर्वक विदा करना और उनके नए दाम्पत्य जीवन को सशक्त आधार प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# नपा में सीएमओ रही नीता जैन व लिपिक शक्तावत को रिश्वत लेने के मामले में मिली सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर पालिका में सीएमओ रही नीता जैन और लिपिक विजय सिंह शक्तावत को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष न्यायालय रतलाम के न्यायाधीश संजीव कटारे ने शुक्रवार को अपने दिए फैसले में इन्हें चार-चार वर्ष की सश्रम करावास और अर्थदंड से दंडित किया।

पेटी कॉन्टेक्टर पवन भावसार की शिकायत पर उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने 12 मार्च 2021 को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर लिपिक शक्तावत की जेब से 18500 की रिश्वत का लिफाफा जप्त किया था यह राशि सीएमओ निता जैन को दी जानी थी। इसलिए शक्तावत को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त इंस्पेक्टर बसंत श्रीवास्तव ने कहा था कि सीएमओ नेता जैन द्वारा रुपए मांगने संबंधी बातचीत की रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध है इसी आधार पर दोनों के खिलाफ प्रकरण चला और गुरुवार को न्यायालय ने सजा का ऐलान किया।

पेटी कॉन्टेक्टर भावसार ने 9 मार्च 21 को उज्जैन लोकायुक्त एसपी को आवेदन दिया था। इसमें बताया था कि भावसार उसके दोस्त सुरेश प्रजापत के लाइसेंस पर जावरा नगर पालिका में विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य का ठेका लिया था। कुछ बिलों का भुगतान प्राप्त करने के लिए सीएमओ निता जैन से मिला था इसके ऐवज में दो प्रतिशत कमीशन मांगा गया था बातचीत लिपिक विजय सिंह के माध्यम से हुई थी और करीब 20 हजार देना तय हुआ ठेकेदार ने 15 हजार लिपिक को दिए लेकिन सीएमओ ने मना कर दिया। फिर कहा पूरे 20 हजार चाहिए फिर ठेकेदार ने साढे तीन हजार और मिलाकर दिए इसके तुरंत बाद लिपिक सीएमओ के चेंबर में गया तभी लोकायुक्त टीम चेंबर में तुरंत पहुंची और लिपिक व सीएमओ को गिरफ्तार किया था। रिश्वत लेने संबंधी बातचीत की रिकॉर्डिंग को आधार मानकर न्यायालय ने सीएमओ व लिपिक को दोषी ठहराया तथा सजा दी।

# भाजपा सरकार के मंत्रियों के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा, पुतले जलाएं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

शहर और ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर गांधी चौराहे पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों कैलाश विजयवर्गीय, राजेन्द्र शुक्ल और विजय शाह के पुतलों का दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए नैतिकता के आधार पर उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की है। पुतला दहन के दौरान पुलिस और फायर फाइटर मौके पर मौजूद रहा। फायर ब्रिगेड ने जलते हुए पुतले को नियंत्रित करने और आग बुझाने का प्रयास भी किया।

शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत और ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि भाजपा सरकार जनता की जान-माल की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल कफ सिरप कांड में हुई मौतों के लिए जिम्मेदार हैं, वहीं मंत्री विजय शाह ने सेना और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कर प्रदेश को शर्मसार किया है। साथ ही कैलाश विजयवर्गीय पर दूषित जल से हुई मौतों के मामले में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि वे इन मंत्रियों के खिलाफ जनता की आवाज बनकर सड़क पर उतरते रहेंगे। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, कांग्रेसजन मनजीतसिंह टूटेजा, अजय लोढा, राखी सत्रावाला, नम्रता, वर्षा सांखला सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### लापता महिला का शव कुएं में मिला

**मन्दसौर।** जिले के यशोधर्मन थाना क्षेत्र की एक लापता महिला अल्फिया (22) पिता सत्तार अजमेरी निवासी भर्डावद का कोचवी के श्मशान घाट स्थित शासकीय कुएं में शव मिला है। युवती दो दिन पहले घर में बकरिया चराने निकली थी। वापस घर नहीं लोटने पर परिजनों ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी अनुसार कुएं में शव मिलने की घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकालकर पीएम हेतु मंदसौर भेजा गया। जहां पीएम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया। गुरूवार को पुलिस ने इस प्रकरण में मर्ग कायम किया।

### विशेषज्ञों ने दिए सफलता के मंत्र; संस्थाओं से हर तीन महीने में ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने की अपील

# दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण में सहकारिता क्षेत्र में नवाचार और उन्नति पर जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल और जिला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 19 और 20 फरवरी को आयोजित इस शिविर में उज्जैन जिले की नागरिक सहकारी बैंकों और साख सहकारी संस्थाओं के अध्यक्षों, संचालकों, प्रबंधकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सहभागिता की।




समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने निरंतर सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्थाओं को अपने सदस्यों के लिए कम से कम हर तीन महीने में इस तरह के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने चाहिए, ताकि उन्हें उन्नति के मार्ग पर ले जाया जा सके। ₹गुरु बिन ज्ञान नहीं₹ की उक्ति का स्मरण कराते हुए श्री सोलंकी ने सलाह दी कि कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संस्थाओं को विशेषज्ञों का मार्गदर्शन अवश्य लेना चाहिए, ताकि सदस्यों और संस्था दोनों का हित सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में ऑडिट ऑफिसर संजीव शर्मा ने संस्थाओं के जन्म से लेकर उनकी वर्तमान बहुउद्देशीय भूमिकाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शासन और सहकारिता विभाग द्वारा दी जाने वाली मदद, नियम-कानून और नवाचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

वहीं, सहकारी प्रशिक्षण केंद्र (इंदौर) के प्राचार्य श्री दिलीप मरमट ने साख सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को संस्था से जोड़ें। उन्होंने सदस्यों के रोजमर्रा के कार्यों को सुचारू बनाने के लिए 'प्रतिदिन ऋण' (डेली लोन) उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया।

### एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता

पूर्व पार्षद श्री बुद्धिप्रकाश सोनी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में कई संस्थाएं सेवा और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ रही हैं, इसलिए सभी सहकारी संस्थाओं को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। श्री जयप्रकाश जूनवाल ने जिला सहकारी संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सतत प्रशिक्षणों से संचालकों और कर्मचारियों में अनुभव की कमी दूर होती है और उन्हें नई ऊर्जा व दृष्टिकोण मिलता है।

## खबर एक नजर...

### 108 कुंडीय शतचंडीय यज्ञ और राम कथा 19 मार्च से होगा आयोजन

सारंगपुर। क्षेत्र के प्रसिद्ध भैंसवा माताजी मां बीजासन धाम में इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर पांचवां 108 कुंडीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के राजेश भंडारी ने बताया कि महायज्ञ की शुरुआत 19 मार्च को कलश यात्रा एवं पूजन के साथ होगी। साथ ही समापन 27 मार्च को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ किया जाएगा। 9 दिवसीय इस महायज्ञ में आचार्य, वेदपाठी ब्राह्मण एवं संतजन भाग लेंगे। 108 यज्ञ कुंडों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी जाएंगी, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा।

### शिवाजी महाराज की जन्म जयंती पर उतारी आरती

**सारंगपुर।** श्री राम मंदिर मोहल्ला खारिया में गुरुवार रात्रि में शिवाजी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर ढोल नगाडों के साथ आरती उतारी गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महाराज का जीवन हमें त्याग, पराक्रम की सीख देता है। शिवाजी महाराज एक महान योद्धा के साथ-साथ कुशल रणनीतिकार और जनहितैषी राजा थे।

# अफसरों की नाक के नीचे ऐसी अव्यवस्था, पार्किंग ठेकेदारों को फायदा पहुचाने लोगों की जान से खिलवाड़

## मनमाने ढंग से सडकों के किनारे खुटियों के सहारे रस्सियां बांध दी गइ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर



शहर के मध्य से गुजरे आगरा बॉम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग की पुरानी सडक पर अफसरों की नाक के नीचे अव्यवस्था देखने को मिली है। सरकारी राजस्व कार्यालय की पार्किंग के ठेकेदारों को मोटा मुनाफा पहुंचाने के लिए सडक से गुजरने वाले स्कूली बच्चों सहित लोगों की जान से खिलवाड किया जा रहा है। न्यायालय, तहसील दफ्तर में वाहन पार्किंग की व्यवस्थाओं के नाम पर मनमाने ढंग से सडकों के किनारे खुटियों के सहारे रस्सियां बांध दी गई हैं। इससे न केवल वाहनों की आवाजाही रोकी गई बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी सडक पर चलना मजबूरी हो गई है। इस रास्ते से पैदल चलकर सैकडों राहगीर रोजाना सुबह शाम तक निकल कर पहुंच रहे हैं।

आवागमन के दौरान हाईवे पर सरपट गुजरते वाहनों से इन्हें दुर्घटना का खतरा बना हुआ है, क्योंकि सडक किनारे रस्सियां बांधने से सडक किनारे पैदल चलने के लिए मुक्त जगह शेष नहीं बची है। स्थानीय लोग व राहगीर इस अव्यवस्था से खासे परेशान हो रहे हैं, खासकर वे राहगीर जो अक्सर इस रास्ते पैदल चलकर गुजर रहे हैं।

सरकार दफ्तर ने बैठे अधिकारियों द्वारा इन दिनों बढते अतिक्रमण को बढावा दिया जा रहा है। एक तरफ जहां शहर के चौक चौराहे अतिक्रमण की चपेट में है। वही दूसरी तरफ तहसील कार्यालय के बाहर भी लोगों ने गुमटी, तिरपाल बांध कर सडक पर कब्जा कर रखा है। यहां से पूरे दिन गुजरने वाले राजस्व अधिकारी इन अवैध कब्जाधारी लोगों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रहे है। दूसरी तरफ रस्सियां बांधने के साथ साथ ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के पीछे जिम्मेदारों का मानना है कि दफ्तर में वाहनों से आने वाले लोग अक्सर हाईवे के किनारे अपने वाहन अवैध रूप से पार्क कर रहे हैं, इससे न केवल अव्यवस्थाएं हो रही, बल्कि तहसील दफ्तर में वाहन पार्किंग संचालित करने वाली एजेंसी को भी इससे आर्थिक नुकसान हो रहे हैं। यही वजह है कि जिम्मेदारों ने गैर जिम्मेदारीपूर्वक हाईवे के किनारों पर खुटियां के सहारे रस्सियां तान दी हैं।

शहर के प्रमुख मार्गो में शामिल नेशनल हाईवे के पुराने मार्ग पर होकर अफसर अक्सर अपने दफ्तरों में आवाजाही करते रहे हैं। हाईवे पर जहां खुटियों के सहारे रस्सियां बांधकर हाईवे किनारों पर आवागमन बाधित किया गया है, वहीं तहसील, अनुविभाग, जनपद, सिविल अस्पताल सहित उत्कृष्ट स्कूल, कन्या स्कूल अन्य दफ्तर हैं। इन दफ्तरों के लिए अफ्सर. कर्मचारी हाईवे से ही आवागमन कर रहे, पर इन्हें समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

# जीरापुर पुलिस की बड़ी सफलताः डकैती की योजना बनाते 6 आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जीरापुर

थाना जीरापुर पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे 6 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी जीरापुर धर्मवीर सिंह नागर के पर्यवेक्षण में की गई।

पुलिस को 19 फरवरी 2026 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ हथियारबंद व्यक्ति जीरापुर के माचलपुर रोड बायपास ब्रिज के नीचे छिपकर सुसनेर-जीरापुर मार्ग पर आने-जाने वाले राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देशन में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई और घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया गया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक खटकेदार चाकू, लठ (डंडे) एवं मिर्च पाउडर बरामद कर जप्त किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना जीरापुर में अपराध क्रमांक 54/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में संजय कुशवाहा निवासी बड़ी खेड़ी सोयत जिला आगर मालवा, अनिल राठौड़ निवासी जीरापुर, अब्दुल नजीब खान निवासी सुसनेर, शाहरुख मंसूरी निवासी सुसनेर, रफीक खान निवासी गागोरनी थाना जीरापुर तथा मिथुन मेघवाल निवासी सोयत शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम, कनघट्टी में देश के पहले सरसों संगम का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के अंतर्गत ग्राम कनघट्टी में देश के पहले भारत सरसों संगम 2026 का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। सरसों की खेती में समृद्धि और किसानों की उन्नति को समर्पित इस अनूठे कार्यक्रम में मंदसौर सहित रतलाम, नीमच और पड़ोसी राज्यों राजस्थान व हरियाणा के 1500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस संगम में देश की अग्रणी कृषि कंपनियों और संस्थाओं ने अपने स्टॉल लगाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, पोषक तत्व प्रबंधन और जैविक पद्धतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर अदिति गर्ग ने किसानों को पुनयोंजी कृषि अपनाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि सरसों जैसी तिलहनी फसलों का विस्तार न केवल किसानों की आय में वृद्धि करेगा, बल्कि भारत को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इस अवसर पर द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. बी.वी. मेहता ने बढ़ती खाद्य तेल की मांग को देखते हुए सरसों उत्पादन में वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग पर बल दिया। सॉलिडरिडाड संस्था के महाप्रबंधक सुरेश मोटवानी ने इस संगम को प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने वाली एक मजबूत आधारशिला बताया।

आयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. चुंडावत ने फसल चक्र और मृदा परीक्षण आधारित पोषण प्रबंधन की महत्ता समझाई, वहीं जिला उप संचालक कृषि रवींद्र मोदी ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अडानी विल्मर, लुई ड्रेफस और वीवीएफ लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किसानों को बाजार की मांग और मूल्य संवर्धन की बारीकियां सिखाईं। संगम में लगे स्टॉल्स पर उन्नत बीज, ड्रिप सिंचाई और कीट प्रबंधन की तकनीकों को जानने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मंच किसानों, प्रशासन और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर भविष्य में सरसों उत्पादन को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा।

### अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रो में रिक्त पदों पर होगी नियुक्तियां

जावरा । प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किये जा रहे है,रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर उक्त जानकारी दी विधायक डॉ पांडेय ने जावरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में रिक्त पदों की पूर्ति का मामला उठाया उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि जावरा विधानसभा क्षेत्र में सिविल हॉस्पिटल जावरा व पिपलौदा के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद व उपस्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है हालांकि दोनों विकासखडों के चिकित्सा केंद्रों में विभिन्न पदों की रिक्ति है जिनमे प्रथम श्रेणी चिकित्सको से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल है इन रिक्त पदो की पूर्ति के लिए नियुक्ति प्रक्रिया की जा रही है।

# सारंगपुर में रात का तापमान 13 डिग्री पहुंचा, दिन का भी गिरकर 27 पर आया

### दो रातों की बारिश से बढी ठंड, क्षेत्र में कई खेतो गेहूं की फसल आडी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर




सारंगपुर में बुधवार से मौसम में बदलाव आया है। पिछले दो रातों से रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण पूरे इलाके में ठंडक बढ गई है। गुरवार और शुक्रवार की सुबह आसमान में काले बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलीं, जिससे लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। रात में रुक-रुक कर बारिश भी होती रही। इस बारिश के कारण रात के तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई है। पहले जहां पारा 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास था, वहीं अब यह घटकर 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। हालांकि, दिन का तापमान अभी भी 27 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है, जिससे दिन में हल्की ठंड महसूस हो रही है।

सारंगपुर क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाकों के कुछ खेतों में गेहूं की फसल आडी जरूर हुई है, लेकिन किसानों के अनुसार इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। किसानों ने बताया कि इस समय की बारिश गेहूं की बढवार के लिए फायदेमंद है। जिन किसानों को सिंचाई करनी पड रही थी, उन्हें विशेष लाभ हुआ है क्योंकि प्राकृतिक पानी मिलने से फसल को मजबूती मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दो से तीन दिनों तक बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। इस बदलते मौसम से जहां ठंड बढी है, वहीं किसानों के लिए यह राहत भरी खबर है। किसान अब मौसम साफ होने और धूप निकलने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि फसलों को और अधिक नुकसान से बचाया जा सके। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण गेहूं और चने की फसलें आडी गिर गई हैं।

# परमार कालीन झारड़ेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार की फिर गूंज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झारड़ा



परमार कालीन पुरातन प्राचीन शिवालय झारड़ेश्वर महादेव मंदिर के वर्षों से लंबित अपूर्ण निर्माण कार्यों की पूर्णता को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद हुई है। के श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों ने मंदिर के भव्य प्रवेश द्वार, मुख्य सड़क से मंदिर तक पहुंच मार्ग के सीमेंट-कांक्रीट निर्माण तथा मंदिर के पीछे उपलब्ध भूमि पर विकास कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है। इस संबंध में वयोवृद्ध समाजसेवी, धार्मिक एवं प्रबुद्ध नागरिक रामनारायण कुमावत ने एक मर्मातक पत्र लिखते हुए अवंतिका प्रतिनिधि से आग्रह किया है कि इस गंभीर विषय को समाचार पत्रों के माध्यम से शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों तक प्रमुखता से पहुंचाया जाए। पत्र में उल्लेख है कि लगभग 30-35 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत झारड़ा द्वारा निर्मित पुरातत्व संग्रहालय के उद्घाटन अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में आए पुरातत्व विद्वानों ने झारड़ेश्वर शिवालय का अवलोकन कर इसके जीर्णोद्धार, नव-निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की विस्तृत रूपरेखा शासन को सौंपी थी। इंदौर पुरातत्व अभिलेखागार के अनुसार लोकमाता अहिल्याबाई द्वारा मंदिर के समक्ष कलात्मक खंभों से सभामंडप बनवाए जाने का भी उल्लेख मिलता है।

## खबर एक नजर...



### पुलिस की आंखों के सामने कांग्रेस ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य मंत्रियों का पुतला फूंका

**सनावद**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बस स्टैंड पर गांधी प्रतिमा के सामने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , विजय शाह व राजेंद्र शुक्ल का कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर पुतला फूंका । ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल ने बताया कि इंदौर में दूषित पानी पीने के चलते ३० से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई वहीं कुछ दिन पहले छिंदवाड़ा में भी नकली सिरप के कारण कई मासूम लोगों ने अपनी जान गवा दी । मंत्री विजय शाह के द्वारा भी हमारे देश के सेना के खिलाफ और अनर्गल टिप्पणियां की जा रही है इसके चलते आज हमने इन तीनों मंत्रियों का पुतला दहन किया है तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि नैतिकता के आधार पर तीनों मंत्रियों को बर्खास्त किया जाए.इस दौरान प्रवीण शर्मा, मुन्ना गुर्जर, मोहन मलगाया, शेख सकेरीन , रवि यादव, आफताब हिलाल, हरविंदर सिंह कपूर, सौरभ यादव , नकुल पटेल बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं द्वारा पुतला दहन करने के बाद पुलिस जलते हुए को लेकर इधर उधर दौड़ती नजर आई ।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 21 फरवरी को होगा

**आलीराजपुर**। आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष, आलीराजपुर होगा। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर करेंगी। बैठक में आगामी दिनों में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों भगोरिया पर्व, रमजान तथा होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने के संबंध में चर्चा की जाएगी। साथ ही कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने समस्त जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है साथ ही सभी जिला अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

### जिले के पांच खिलाड़ी मध्यप्रदेश हॉकी टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

**बड़वानी** । ऐसटी नेशनल हॉकी चैंपियनशिप 21 से 27फरवरी तक रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिसमें जिला हॉकी संघ बड़वानी के पांच खिलाड़ी मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे । पुरुष टीम में रामजय चौहान, विजय सुलिया एवं महिला टीम में कुमारी रजनी वास्कले, कुमारी केसर भाभर एवं कुमारी शिवानी बामनिया मध्य प्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधि करेंगे । टीम के कप्तान श्री रामजय चौहान होंगे, टीमों का कैंप क्रमशः भोपाल एवं ग्वालियर में आयोजित हो रहा है । जहां से टीम 20 फरवरी को रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्थान कर नेशनल चैपियनशिप में पूरे देश से 16 टीमे हिस्सा लेगी, जिसमें श्रेष्ठ 8 टीमें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए क्वालीफाई होंगे । खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिलासपुर छत्तीसगढ़ में ही प्रस्तावित है । खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री जेएस डामोर, खेल अधिकारी श्रीमती संतरा नीमामा, कीड़ा प्रभारी श्री मुकेश मालवीय, जिला हॉकी संघ के संरक्षण डॉ. ओपी खंडेलवाल, अध्यक्ष श्री अमृतलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजय कानून, राजेंद्र भावसार, प्रवीण पांडे, सचिव जसमीत सिंह मदान एवं समस्त हॉकी खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# घरों से कचरा की थैलियां लाकर नपा अध्यक्ष व सीएमओ के ऑफिस के बाहर फेंक कर नारेबाजी की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा व भाजपा पार्षद दल के द्वारा अपने-अपने घरों से कचरा की थैलियां लाकर नगर पालिका अध्यक्ष व सीएमओ के ऑफिस के बाहर फेंक कर जमकर नारेबाजी की गई। जिला मंत्री अमिता माहेश्वरी ने बताया कि नगर पालिका में कांग्रेस की परिषद होने के कारण व्यवस्थाएं बुरी तरीके से प्रभावित हो रही है नगर पालिका बीते एक सप्ताह से कचरा गाड़ी नहीं भेज रही है इसके चलते घरों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है । शहर की जनता स्वच्छता के नाम पर करोड़ों रुपए का टैक्स प्रतिवर्ष नगर पालिका को देती है लेकिन नगर पालिका सफाई के मामले में फिसड्डी नजर आ रही है। जिसके चलते आज हमारे द्वारा सीएमओ व अध्यक्ष के ऑफिस के बाहर कचरा फेंका गया ।

नेता प्रतिपक्ष राजेश अंजने ने बताया कि सनावद नगर में कांग्रेस की परिषद होने के चलते लगातार शहर की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अध्यक्ष व सीएमओ अपनी मनमानी करता है तथा ऑफिस में भी सदैव नदारत रहते हैं यदि जल्द से जल्द कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त नहीं होती है तो कांग्रेस की इस परिषद के खिलाफ भाजपा द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। सनावद नगर पालिका में अध्यक्ष व सीएमओ की मनमानी इस कदर हावी है कि नगर पालिका दिवालिया घोषित होने की कगार पर है । पार्षद गजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भ्रष्टाचारी कांग्रेस की परिषद को ३ वर्ष हो गए लेकिन इन तीन वर्षों में सफाई, सड़क, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी नगर की जनता को परेशान होना पड़ रहा है ।

नगर पालिका कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिलने के संबंध में भी भाजपा पार्षद दल के द्वारा क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला से मुलाकात कर जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रभात पंडित, मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर , दिनेश शर्मा, अनीता बंसल, श्याम ठाकुर, दुर्गेश परिहार, सुनील माली, रितेश मंत्री, संजय राठौर, मनोज जैन, निलेश मालाकार, मोहित यादव, सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद थे।

### प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योजना क्रियान्वयन करें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के विकास कार्यों को प्रमुखता दे। मुख्य सचिव श्री जैन ने मंत्रालय में कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिये। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि केंद्र प्रवर्तित योजनाओं और निर्माण कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करें।

### कक्षा 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाओं का सुचारू रूप से हो रहा संचालन

**बड़वानी** । बड़वानी जिले में आज माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएँ निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षाएँ शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुईं। किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल, व्यवधान या अन्य अनुचित गतिविधि संबंधी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।कक्षा 12वीं के साइकोलॉजी विषय की परीक्षा जिले के केवल दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। उक्त विषय में कुल ०२ परीक्षार्थी पंजीकृत थे, किंतु दोनों ही परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कक्षा १०वीं के संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के सभी 57 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। इस विषय में कुल 9307 छात्र-छात्राएँ पंजीकृत थे, जिनमें से 8988 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 319 अनुपस्थित रहे। परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा केंद्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे। साथ ही संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी गई एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

# कानून-व्यवस्था व सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर :- संभागायुक्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

संभागायुक्त एवं आईजी की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी त्योहारों एवं पर्वों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संभाग के सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों की गूगल मीट के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में विशेष रूप से आगामी भगोरिया पर्व के आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि हाट-बाजारों में आयोजित होने वाले भगोरिया पर्व स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी कैमरे सक्रिय अवस्था में रहें। पर्व के दौरान स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) की तैनाती की जाए तथा मिलावटी मादक पदार्थों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन पर्वों में प्रदेश के बाहर से भी पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं, अतः उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। मेलों में लगने वाले झूलों की मेंटेनेंस सर्टिफिकेट की अनिवार्य जांच की जाए तथा प्रत्येक झूले और स्टॉल के बाहर उसकी क्षमता संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए। जिन स्थलों के आसपास मधुमक्खियों के छत्ते हों, उन्हें समय रहते हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए गैर-मार्गों को पूर्व से चिन्हांकित कर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने पर भी विशेष जोर

### लूट के इरादे से बदमाशो ने वाहन पर किया पथराव यात्रियों में हड़कंप मचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

बीती रात्रि को बाग जोबट रोड़ ग्राम अखाड़ा की लालघाटी के पास अज्ञात बदमाशो ने जोबट इंदौर पवन बस पर लूट की नियत से पथराव किया । पथराव होते देख यात्रियों में हड़कंप मच गया । जिसमें ड्राईवर छगन डोडवे घायल हो गया.

# बुजुर्गों की डायबिटीज पर महत्वपूर्ण शोध, लेवल स्थिर रखने की दी सलाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर के मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज वेल में बुजुर्गों की डायबिटीज के इलाज पर महत्वपूर्ण शोध किया गया है। इस शोध में यह सामने आया है कि डायबिटीज के मरीजों में केवल शुगर लेवल कम रखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे लंबे समय तक स्थिर बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

शोध के अनुसार, अगर शुगर लेवल बार-बार अधिक ऊपर-नीचे होता है, तो इससे आंखों (रेटिनोपैथी), गुर्दो (नेफ्रोपैथी) और नसों (न्यूरोपैथी) पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जिससे मरीज को भविष्य में स्थायी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हॉस्पिटल के पैथोलॉजी विभाग की डॉ. हर्षदा भंगाले द्वारा किए गए इस शोध के अनुसार, च्डायबिटीज के मरीजों में शुगर का उतार-चढ़ाव शरीर के अंदर धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है, इसलिए नियमित जांच, सही दवा और संतुलित जीवनशैली सबसे अहम है। हॉस्पिटल प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के शोध भविष्य में क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाएंगे।

### गिद्ध गणना तीन दिवसीय कार्यक्रम हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

गिद्ध गणना वर्ष 2026 का तीन दिवसीय गणना कार्यक्रम आज दिनांक 20 फरवरी से आगाज हुआ। वन मंडला धिकारी धार श्री विजयनाथम टी आर के आदेशानुसार एवं उपमंडलाधिकारी सरदारपुर श्री सुनील सुल्या के मार्ग दर्शन में बाघ परिक्षेत्र की सभी बीटों में गिद्ध गणना कार्य प्रारंभ हुआ। जिसमें बाग रेंज की सब रेंज चिकापोटी की बीट खेड़ली गिद्ध गणना कार्य बीट प्रभारी विजयेन्द्र पाल सिंह अजनारिया के साथ ग्रामीण विक्रम जामोद ने सुबह ८ बजे से गणना कार्य प्रारंभ किया क्योंकि बीट के क्षेत्र के आसपास हुई वर्षा के कारण कोहरा छाया हुआ था । गणना कार्य में उन क्षेत्रों को चिह्नित किया गया था , जिसमें गिद्ध के होने की संभावना रहती हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित भाबरा दौरे की तैयारियां हुई तेज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने हेतु कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम ने हेलिपैड सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम ने हेलिपैड की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सभा स्थल प्रांगण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा हेलिपैड से आजाद कुटिया होते हुए सभा स्थल तक के मार्ग का भी निरीक्षण किया।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता जगदीश पाटीदार पिता रूपनारायणजी जाति कुलम्बी निवासी ग्राम अजडावदा तहसील बडनगर जिला उज्जैन के मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर 158/2/2 रकबा 0.20 हे, सर्वे नम्बर 158/2/1/2 रकबा 0.20 हे. कुलकिता 02 कुल रकबा 0.40 हे. भूमि ग्राम मिंण्डका तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित होकर उक्त भूमि को बिक्री करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है तथा उपरोक्त बिक्री की गई भूमि का विक्रय पत्र संपादन किया जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधी समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी । सूचित हो। दिनांक- 19.02.2026

**पन्नालाल त्रिवेदी (एडव्होकेट)**
**विकास त्रिवेदी (से.प्र.) कोर्ट परिसर बडनगर।**
**मो.न. 8871902775**



## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 'घूसखोर पंडत' नाम हटाया गया

### फिल्ममेकर नीरज पांडेय बोले- नया टाइटल अभी तय नहीं, कहानी के अनुसार रखा जाएगा

मनोज बाजपेयी की फिल्म घूसखोर पंडत का नाम बदल दिया गया है। फिल्ममेकर नीरज पांडेय ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल करके इसकी जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि फिल्म का विवादित टाइटल हटा दिया गया है। अब इसका कहीं इस्तेमाल नहीं होगा। नया नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जो भी रखा जाएगा, वह पुराने नाम जैसा या उससे मिलता-जुलता नहीं होगा।

नीरज पांडेय ने कोर्ट में बताया कि नया नाम फिल्म की कहानी और उद्देश्य को सही ढंग से दिखाएगा और कोई गलत मतलब नहीं निकलेगा। इसके अलावा पुराने नाम से जुड़े सभी पोस्टर, ट्रेलर और प्रचार सामग्री भी पहले ही हटा दी गई है। दरअसल 12 फरवरी को पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने फिल्ममेकर और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म का नाम बदलने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता अतुल मिश्रा ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। नेटफ्लिक्स ने 3 फरवरी 2026 को मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडत' का ऐलान भी टीजर रिलीज करके किया गया था। लेकिन जैसे ही इसका टीजर जारी किया गया तो इसके टाइटल को लेकर विवाद शुरू हो गया है। लोग सड़कों पर उतर गए। इसके बाद यह मामला कोर्ट तक पहुंच गया। टीजर में मनोज बाजपेयी सीनियर इंस्पेक्टर अजय दीक्षित के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिन्हें दिल्ली में ह्यपंडितह्ण के नाम से जाना जाता है।

# धनुष के प्रीमियर में आने का कारण रोमांटिक नहीं

**मृणाल ठाकुर बोलीं- मैं उनकी लंबे समय से फैन हूं, साथ काम करने की इच्छा है**



बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपनी नई फिल्म दो दीवाने शहर में के प्रमोशन के दौरान एक बार फिर साउथ सुपरस्टार धानुष के बीच चल रही डेटिंग अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है। डेटिंग और शादी की अफवाहें तब शुरू हुईं जब धनुष मृणाल की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के प्रीमियर में पहुंचे थे। इस घटना के बाद से ही मीडिया और सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें बनने लगीं कि दोनों रिलेशनशिप में हैं और शादी करने वाले हैं।

हिंदुस्तान टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक मृणाल ने स्पष्ट किया कि धनुष के प्रीमियर में आने का कारण कोई रोमांटिक नहीं था, बल्कि वह उनके काम की प्रशंसक हैं। उन्होंने बताया कि वे धनुष की लंबे समय से फैन रही हैं और उनके द्वारा किए गए कई फिल्मों और रोल्स को उन्होंने बेहद सराहा है।

उन्होंने विशेष रूप से रांझणा, असुरण, मारी, कैप्टन मिलर और रायान जैसी फिल्मों का उल्लेख किया, जिन्हें उन्होंने देखा और उनसे प्रेरित हुईं। मृणाल ने कहा कि धनुष सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक शानदार गीतकार, गायक, डांसर और निर्देशक भी हैं, और उनके काम की गुणवत्ता ने उन्हें बेहद प्रभावित किया।

मृणाल ने यह भी बताया कि जब धनुष की फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग चल रही थी, तो उन्होंने अनायास ही धनुष को सन ऑफ सरदार 2 की स्क्रीनिंग में आने के लिए आमंत्रित किया था। उन्हें यह नहीं पता था कि धनुष आएंगे, लेकिन जब उन्होंने आकर समर्थन दिखाया, तो मृणाल खुद बेहद खुश हुईं और उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत ही प्यारा पल था। उन्होंने यह भी कहा कि वे धनुष के साथ आगे किसी प्रोजेक्ट में काम करने की इच्छा रखती हैं, न कि कुछ और।

अफवाहें यहां तक थी कि दोनों वैलेंटाइन डे पर शादी करेंगे। मृणाल ने इसका मजाक उड़ाते हुए जवाब दिया कि 14 फरवरी को शादी की खबर पहला अप्रैल (अप्रैल फूल्स डे) लग रही है। उन्होंने कहा कि वह नहीं जानती कि यह किसने शुरू किया, लेकिन यह सब सुनकर उन्हें आश्चर्य और थोड़ा डर भी लगा।



मृणाल ने साफ कर दिया कि न तो उन्होंने कभी ऐसा कहा और न ही किसी भी प्रकार की पुष्टि की है। इसके अलावा, मृणाल ने यह भी बताया कि अगर उनके जीवन में कभी ऐसा मौका आया तो वो खुद इसकी घोषणा करेंगी। उन्होंने बताया कि यह उनकी प्राथमिकता है कि वे अपने करियर को पहले लक्ष्य दें और फिर अपने जीवन के अन्य फैसलों पर ध्यान दें।



## अभिनेता ऋतिक रोशन को नोटिस

**भ्रामक विज्ञापन करने का आरोप, कंज्यूमर कोर्ट ने कोल्ड ड्रिंक कंपनी से भी मांगा जवाब**

झालावाड़ उपभोक्ता न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन, माउंटेन ड्यू कोल्ड ड्रिंक बनाने वाली कंपनी और डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने 1 महीने में नोटिस का जवाब मांगा है। एडवोकेट गुरुचरण सिंह ने उपभोक्ता आयोग में परिवार पेश करते हुए आरोप लगाया कि कोल्ड ड्रिंक कंपनी और इसके ब्रांड एंबेसडर ऋतिक रोशन विज्ञापन में जो दिखाते हैं, वह पूरी तरह भ्रामक है। विज्ञापन में दावा किया जाता है कि इस कोल्ड ड्रिंक को पीने से शरीर में अत्यधिक स्फूर्ति और ऊर्जा आती है, जिससे व्यक्ति असंभव लगने वाले साहसी काम भी आसानी से कर लेता है। एडवोकेट सिंह ने बताया कि विज्ञापन से प्रभावित होकर कोल्ड ड्रिंक खरीदी और उसको पीया, लेकिन विज्ञापन में किए गए दावों जैसा कोई अनुभव नहीं हुआ।

**उपभोक्ताओं को गुमराह करने का आरोप-** एडवोकेट गुरुचरण सिंह ने कोर्ट को बताया- कंपनी और फिल्म स्टार मिलकर उपभोक्ताओं को गुमराह कर रहे हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 2(28) के तहत कोई भी ऐसा विज्ञापन जो किसी उत्पाद की गुणवत्ता, प्रकृति या उससे मिलने वाले लाभ के बारे में गलत जानकारी देता है, वह 'भ्रामक विज्ञापन' की श्रेणी में आता है। उपभोक्ता न्यायालय ने प्रारंभिक तौर पर मामले को सही पाया और परिवाद स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया तथ्यों में सच्चाई पाई, जिसके बाद सभी पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट अब इस बात की जांच करेगी कि क्या कंपनी द्वारा किए गए दावे वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हैं या वे केवल ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए फैलाया गया एक भ्रम है। एडवोकेट गुरुचरण सिंह ने कहा- माउंटेन ड्यू कोल्ड ड्रिंक कंपनी का विज्ञापन ऋतिक रोशन करते हैं। उनके द्वारा यह बोला जाता है कि माउंटेन ड्यू जितना ज्यादा आप पीएंगे, आप में हिम्मत बढ़ेगी। आपका डर खत्म होगा। यह सब चीजें उसमें बताई गई है।

# द फिफ्टी से बाहर होते ही खानजादी का फूटा गुस्सा

रियलिटी शो दी 50 से बाहर होने के बाद खानजादी ने शो के निर्माताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जहां एक ओर दर्शकों के एक वर्ग ने उनके बाहर होने पर संतोष जताया और उन्हें तेज-तर्रार तथा अत्यधिक मुखर प्रतिभागी बताया, वहीं खानजादी ने अब खुलकर कहा है कि उन्हें जिस तरह प्रस्तुत किया गया, वह एकतरफा और अनुचित था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं निराश हुई। एक साक्षात्कार में खानजादी ने आरोप लगाया कि शो में केवल उनका आक्रामक पक्ष दिखाया गया, जबकि घटनाओं की पूरी पृष्ठभूमि दर्शकों के सामने नहीं रखी गई।

**मेकर्स पर लगाया पक्षपातपूर्ण संपादन का आरोप**

उनका कहना है कि सह-प्रतिभागी चाहत पांडे द्वारा की गई कथित व्यक्तिगत और मर्यादा से नीचे टिप्पणियों को प्रसारित नहीं किया गया, लेकिन उन टिप्पणियों पर उनकी प्रतिक्रिया को प्रमुखता से दिखाया गया। खानजादी के अनुसार, यदि वे कथित टिप्पणियां प्रसारित नहीं की जानी थीं, तो उनकी प्रतिक्रिया दिखाने का भी औचित्य नहीं बनता था।



उन्होंने कहा कि उनके व्यवहार को संदर्भ से काटकर प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शकों के सामने उनकी छवि नकारात्मक रूप में उभरी। मेरा रिएक्शन बहुत ज्यादा दिखाया गया, उन्होंने कहा। उनका दावा है कि कुछ ऐसे शब्दों और टिप्पणियों का प्रयोग हुआ, जिनका अर्थ उन्हें स्वयं पूरी तरह ज्ञात नहीं था, परंतु वे अत्यंत आपत्तिजनक थे। खानजादी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ दृश्यों को चयनित रूप में जोड़ा गया, जिससे स्थिति का संतुलित चित्र सामने नहीं आ सका।

खानजादी ने निमार्ताओं पर यह भी आरोप लगाया कि शो में उनके सकारात्मक पक्ष को स्थान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक अन्य प्रतिभागी नेहाल से माफी भी मांगी थी, लेकिन वह दृश्य प्रसारित नहीं किया गया। उनके शब्दों में, अच्छी चीजें नहीं दिखाते हैं, यहां पर सिर्फ लड़ाई-झगड़ा और चीखना-चिल्लाना दिखाया जाता है। उनका मानना है कि यदि दर्शकों को पूरा संदर्भ दिखाया जाता, तो प्रतिक्रियाएं भिन्न हो सकती थीं।

रियलिटी कार्यक्रमों में संपादन की भूमिका को लेकर पहले भी बहस होती रही है। खानजादी का कहना है कि भविष्य में यदि वह किसी और रियलिटी शो का हिस्सा बनती हैं, तो अपने अनुबंध में यह शर्त अवश्य शामिल करेंगी कि किसी भी विवाद या स्थिति के दोनों पक्षों को संतुलित रूप से दिखाया जाए। उन्होंने संकेत दिया कि यदि संपादन इसी प्रकार जारी रहा, तो वह ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने पर पुनर्विचार कर सकती हैं।

सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। खानजादी ने अपने आधिकारिक मंच के माध्यम से प्रशंसकों से अपील की कि वे उनके साक्षात्कार देखें, ताकि उनकी बात को भी समझा जा सके। उन्होंने लिखा कि वह नकारात्मकता में नहीं रहना चाहतीं और अब आगे बढ़ना चाहती हैं। उनके इस बयान के बाद समर्थकों और आलोचकों के बीच बहस और तेज हो गई है।

द फिफ्टी से उनका बाहर होना जहां शो के लिए एक नया मोड़ माना जा रहा है, वहीं खानजादी के आरोपों ने रियलिटी कार्यक्रमों की पारदर्शिता और संपादन की निष्पक्षता पर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना होगा कि शो के निमार्ता इन आरोपों पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं और क्या इस विवाद का असर आगामी कड़ियों की प्रस्तुति पर पड़ता है।



### गूगल पर पाकिस्तान में 3 दिन से यही सर्चिंग, बोले- 5 फीट का लड़का टीम पर भारी

# ईशान किशन की हाइट क्या है, गर्लफ्रेंड कौन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना



टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में ईशान किशन ने 40 गेंदों में 77 रनों की पारी खेली। उनकी पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल रहे, जिसने मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया।

इस मुकाबले की चर्चा सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान में भी खूब हुई। खासकर ईशान किशन की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की गई। इतना ही नहीं जब ईशान बैटिंग कर रहे थे, उस दौरान से लेकर अब तक पाकिस्तान में गूगल पर सबसे ज्यादा उन्हें सर्च किया जा रहा है।

गूगल ट्रेंड्स के मुताबिक, मैच के दौरान और उसके बाद ईशान किशन की उम्र, बैकग्राउंड, हाइट, ह्यगर्लफ्रेंड/वाइफ, फैमिली और रिलीजन जैसे कीवर्ड्स तेजी से ट्रेंड कर रहे हैं। यहां तक ईशान किशन की संपत्ति कितनी है और उनकी नेटवर्थ क्या है जैसे सवालों के जवाब भी जमकर खोजे गए।

सोशल मीडिया पर उनकी बल्लेबाजी को लेकर कई सकारात्मक प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। पाकिस्तान के यूजर्स ने ईशान किशन की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, सवा 5 फीट का लड़का पूरी टीम पर भारी पड़ गया।

- **गूगल पर सर्च- ईशान किशन की गर्लफ्रेंड कौन-** गूगल ट्रेंड्स के अनुसार ईशान किशन की गर्लफ्रेंड कौन है? यह सवाल खूब ट्रेंड करता रहा। बातचीत में ईशान के दादा राम अनुग्रह पांडेय ने जयपुर की मॉडल अदिति हुंडिया का नाम बताया था। कहा था कि ईशान की पसंद, हमारी पसंद है। उनकी पारी का असर सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरहद पार भी लोग उनकी प्रोफाइल और निजी जिंदगी के बारे में जानने को उत्सुक दिखे।
- **शोएब अख्तर ने कहा- मैच के हीरो ईशान किशन-** ईशान के शानदार प्रदर्शन की वजह से इंडिया टीम ने पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया था। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत थी। ईशान की इस जोरदार पारी की चर्चा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में खूब हुई। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर भी ईशान किशन की बैटिंग के मुरीद हो गए। उन्होंने कहा- इस बात को स्वीकार करना पड़ेगा कि जहां इतने बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे, वहां ईशान ने कमाल का खेल दिखाया। हम बाकी खिलाड़ियों की बात करते रहे, अभिषेक शर्मा की बात करते रहे, लेकिन मैच के हीरो ईशान किशन ही रहे। पाकिस्तान के पत्रकार शहजार इकबाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म  पर लिखा, दो महीने पहले तक टी 20 वर्ल्ड कप के लिए ईशान किशन प्लान का हिस्सा भी नहीं थे, लेकिन अब उन्होंने भारत के लिए पाकिस्तान के गेंदबाजी अटैक की हालत खराब कर दी। क्या कमाल का कमबैक है। वहीं, पाकिस्तान के खेल पत्रकार बोरिया मजूमदार ने  पर लिखा, अब तमाम मुश्किलों का सामना करने के बाद ईशान किशन एक बेहतर क्रिकेटर बन गए हैं। ईशान को खुद को गहराई से समझना पड़ा और नए सिरे से पहचानना पड़ा।
- **ईशान अपने किट बैग में रखते थे श्रीमद्भगवद्गीता-** दो साल बाद ईशान किशन की भारतीय टीम में वापसी हुई थी। वह इससे पहले टीम से बाहर थे। अपने खराब फॉर्म और मानसिक तनाव से उबरने के दौरान वो अपने किट बैग में श्रीमद्भगवद्गीता की एक छोटी प्रति साथ लेकर चलते थे। उनकी मां ने उन्हें तनाव से निपटने के लिए गीता पढ़ने की सलाह दी थी। यह सलाह उनके मन में बस गई, जिसे पढ़कर उन्होंने मानसिक स्पष्टता हासिल की। शानदार फॉर्म में वापसी की। हाल ही में, ईशान की कप्तानी में झारखंड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।
- **2 साल बाद टी-20 वर्ल्डकप में ईशान किशन की वापसी-** ईशान किशन पिछले डेढ़ साल से टीम इंडिया से बाहर थे। इस दौरान वे करियर के मुश्किल दौर में रहे। लेकिन अब ईशान ने जोरदार कमबैक किया है। ईशान का बल्ला लगभग हर मुकाबले में चलता नजर आ रहा है। ईशान के हर मैच में अदिति भी नजर आ रही हैं।
- **ईशान ने क्रिकेट के लिए स्कूल छोड़ दिया था-** इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले ईशान किशन ने खेल के लिए स्कूल छोड़ दिया था। ईशान की क्रिकेट के प्रति दीवानगी से टीचर भी परेशान थे। बार-बार क्लास में खड़ा किए जाने के बाद भी ईशान ग्राउंड में टिके रहते। टीचर ने साफ कह दिया कि पढ़ाई और क्रिकेट एकसाथ नहीं चल सकता, ईशान को दोनों में से एक रास्ता चुनना होगा। ईशान ने टीचर से साफ कह दिया कि वे खेल के लिए पढ़ाई भी छोड़ सकते हैं। ईशान के बचपन के दोस्त यशस्वी सिंह बताते हैं कि ईशान के जैसा क्रिकेट का दीवाना नहीं देखा। वह खाना-पीना सब भूल जाते थे। ऐसा लगता था कि ईशान के लिए क्रिकेट से बढ़कर कुछ भी नहीं। वह कब खेलने के लिए पटना से रांची पहुंच जाते थे, कुछ पता ही नहीं चलता था। स्कूल से बाहर कर दिए जाने के बाद भी ईशान को कोई तकलीफ नहीं थी, क्योंकि वह जानते थे कि उनका बल्ला एक न एक दिन भारत के लिए इतिहास बनाएगा। यशस्वी बताते हैं कि वे क्लास 9 में ईशान के साथ डीपीएस पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। इस स्कूल से ईशान को निकाल दिया गया था। बाद में ईशान ने फुलवारी के एक प्राइवेट स्कूल से मैट्रिक किया था।
- **7 साल की उम्र में पकड़ा था बल्ला-** पटना के बेली रोड के आशियाना में 7 साल की उम्र में ही बल्ला पकड़ने वाले ईशान बेहतरीन विकेटकीपर और बैट्समैन हैं। वे झारखंड की ओर से रणजी खेलते थे। ईशान का टैलेंट कोच और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में निखरा और उन्हें अंडर-19 टीम की कप्तानी का मौका मिला। ईशान बचपन से ही क्रिकेट के दीवाने रहे। क्रिकेट के प्रति उनका जुनून ऐसा था कि वे पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते थे। उनके इस जुनून के चलते वे पढ़ाई में पीछे हो गए थे।

## क्रिकेट मैच में मधुमक्खियों का हमला, अंपायर की मौत



### कानपुर में अर्थी उठी तो पत्नी चीखी बेटी चेहरा पोंछती रही, मुखाग्नि दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कानपुर

उन्नाव में क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने खिलाड़ियों को डंक मारने शुरू कर दिए। यह देखकर अंपायर बचने के लिए भागे, लेकिन गिर गए और मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया।

मधुमक्खियों ने 58 साल के अंपायर मानिक गुप्ता को 50 से ज्यादा डंक मारे। करीब 10 मिनट तक मधुमक्खियां उन्हें काटती रहीं। मधुमक्खियों ने खिलाड़ियों, अंपायरों और ग्राउंड स्टाफ समेत 40 से 50 लोगों को काटा।

इनमें से अंपायर समेत 10 लोगों को कानपुर के एक नर्सिंग होम ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने अंपायर की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में उनकी मौत हो गई।

घटना गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राहुल सप्रू मैदान की है। कानपुर के रहने वाले अंपायर मानिक गुप्ता पिछले 30 सालों से कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के लिए अंपायरिंग कर रहे थे। शव घर पहुंचा तो चीख-पुकार मच गई। पति का शव देखकर पत्नी बेसुध हो गईं। गुरुवार सुबह अंतिम दर्शन के बाद जब शव उठा, तो पत्नी बिलख पड़ी। जिस जगह शव रखा था, वहां बार-बार हाथ फेरती रही। शव भागवत दास घाट पहुंचा तो छोटी बेटी पिता के चेहरे को बार-बार पोंछती रही और अंतिम संस्कार की रस्में निभाईं। पिता को मुखाग्नि दी।

## भारत-बीसीसीआई से रिश्ते सुधारना चाहता है बांग्लादेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया।

हक ने कहा- शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं।

इस टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को अपने मुकाबले मुंबई और कोलकाता में खेलने थे। हालांकि, सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम ने भारत दौरे पर आने से इनकार कर दिया। इसके बाद आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल करने का फैसला किया था। इससे पहले 13 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी और रहमान के बीच पहली फोन बातचीत हुई थी।








**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547




**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### रूसी तेल की आड़ में

# भारत को निशाना बनाना गलत




## ट्रंप की नीति पर अमेरिकी सांसद की आलोचना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने भारत द्वारा रूसी तेल आयात के मुद्दे पर टैरिफ लगाने की नीति की आलोचना करते हुए कहा कि भारत को अनुचित रूप से निशाना बनाया जा रहा है और यह फैसला वापस लिया जाना चाहिए।

अमेरिका के वरिष्ठ सांसद ब्रैड शेरमन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस नीति की आलोचना की है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर टैरिफ लगाए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत पर अनुचित और भारी टैरिफ लगाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं और इस फैसले को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

**हंगरी अपने कच्चे तेल का करीब 90 प्रतिशत रूस से करता है आयात–** हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी और हाउस फाइनेंशियल सर्विसेज कमेटी के सदस्य शेरमन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि भारत पर टैरिफ का कारण रूस से तेल आयात है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि हंगरी अपने कच्चे तेल का करीब 90 प्रतिशत रूस से आयात करता है, फिर भी उस पर ऐसे टैरिफ नहीं लगाए गए। वहीं, रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार चीन भी इस आधार पर प्रतिबंधों का सामना नहीं कर रहा है। शेरमन ने कहा कि भारत रूस से केवल लगभग 21 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, इसके बावजूद एक सहयोगी देश को अलग तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रपति से इस नीति को तुरंत पलटने की मांग की।

# एआई सुपरपावर बनने से लेकर नौकरियों की सुरक्षा तक, क्या है पीएम का मत समझिए सबकुछ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना भारत के सभ्यतागत दर्शन को दर्शाती है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य सभी का कल्याण और सभी की खुशी होना चाहिए। तकनीक मानवता की सेवा के लिए है, नौकरियों को प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। ये बातें पीएम मोदी ने एआई समिट के दौरान कही। देश में तकनीक और नौकरियों पर पीएम के क्या मत हैं, आइए समझें सबकुछ विस्तार से।

ग्लोबल साउथ में अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन इंडिया एआई समिट 2026 नई दिल्ली में जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने साफ किया है कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का जरिया है। आइए जानते हैं पीएम ने बातचीत के दौरान क्या कुछ कहा है?

**सवाल:** आप हमेशा सशक्तिकरण के लिए तकनीक के उपयोग की बात करते हैं। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में आप एआई की भूमिका को कैसे देखते हैं?

**जवाब:** प्रधानमंत्री ने बताया कि एआई विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक परिवर्तनकारी अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एआई का रणनीतिक उपयोग विकास की गहरी चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ आर्थिक अवसर पैदा करने और शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में मदद करता है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा का उदाहरण देते हुए कहा कि एआई आधारित समाधान प्राथमिक और जिला स्वास्थ्य केंद्रों पर टीबी, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मिर्गी जैसी बीमारियों का पता लगाने में मदद कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में, भारतीय भाषाओं में एआई-पावर्ड पर्सनलाइज्ड लर्निंग प्लेटफॉर्म ग्रामीण और सरकारी स्कूलों के छात्रों को मदद पहुंचा रहे हैं। कृषि में, अमूल की एक अनूठी पहल के तहत एआई का उपयोग करके हजारों गांवों की 36 लाख महिला डेयरी किसानों को गुजराती भाषा में पशु स्वास्थ्य और उत्पादकता पर रीयल-टाइम मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी तरह, 'भारत विस्तार' पहल किसानों को फसल सलाह और मौसम की जानकारी दे रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जब दुनिया एआई द्वारा दूरियां बढ़ाने से चिंतित है, भारत इसका उपयोग दूरियों को मिटाने के लिए कर रहा है।

**सवाल:** पेरिस समिट में आपने एआई के पूर्वाग्रह और सीमाओं पर बात की थी। क्या अब स्थिति बदली है और भारत इस मुद्दे को कैसे संबोधित कर रहा है?

**जवाब:** पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि एआई में पूर्वाग्रह और सीमाओं को लेकर चिंताएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। जैसे-जैसे एआई का उपयोग बढ़ रहा है, जोखिम भी बढ़ रहे हैं। एआई सिस्टम अनजाने में लिंग, भाषा और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित पूर्वाग्रहों को बढ़ा सकते हैं। भारत के लिए यह चुनौती विशिष्ट है क्योंकि हमारी भाषाई, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विविधता का मतलब है कि यहां एआई पूर्वाग्रह अलग तरह से सामने आ सकते हैं। मुख्य रूप से अंग्रेजी डेटा या शहरी संदर्भों पर प्रशिक्षित एआई सिस्टम ग्रामीण उपयोगकर्ताओं के लिए खराब प्रदर्शन कर सकता है। हालांकि, सकारात्मक बात यह है कि भारत अब इसे व्यवस्थित रूप से संबोधित कर रहा है। विविध डेटासेट बनाने पर जोर दिया जा रहा है जो भारत की बहुलता का प्रतिनिधित्व करते हैं और साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं में एआई विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

**सवाल:** ग्लोबल साउथ में पहली बार एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन हो रहा है और इसका ध्येय वाक्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' रखा गया है। इस समिट का विजन क्या है और यह आदर्श वाक्य क्यों चुना गया?

**जवाब:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सवाल के जवाब में कहा कि आज एआई एक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ा है। यह मानवीय क्षमताओं को अभूतपूर्व तरीकों से बढ़ा सकता है, लेकिन अगर इसे बिना मार्गदर्शन के छोड़ दिया गया तो यह मौजूदा सामाजिक नींव की परीक्षा भी ले सकता है। इसीलिए उन्होंने जानबूझकर इस समिट को 'प्रभाव' के इर्द-गिर्द तैयार किया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके परिणाम सार्थक और न्यायसंगत हों, न कि केवल नवाचार तक सीमित रहें। 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना भारत के सभ्यतागत दर्शन को दर्शाती है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य सभी का कल्याण और सभी की खुशी होना चाहिए। तकनीक मानवता की सेवा के लिए है, उसे प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई सिस्टम दुनिया भर के समाजों से ज्ञान और डेटा लेते हैं, इसलिए इसके लाभ सभी तक पहुंचने चाहिए, न कि केवल शुरूआती अपनाने वालों तक सीमित रहने चाहिए। भारत ग्लोबल साउथ की कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों और विकास प्राथमिकताओं को मंच दे रहा है।

**सवाल:** भारत ने आधार और यूपीआई जैसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ी सफलता हासिल की है। डीपीआई और एआई का संगम कैसे सार्वजनिक सेवा वितरण को सुधार सकता है?

**जवाब:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की डीपीआई यात्रा ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण सबक प्रस्तुत करती है और डीपीआई व एआई का संगम समावेशी विकास की अगली सीमा है। आधार और यूपीआई की सफलता कुछ सिद्धांतों पर आधारित थी, जिसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को 'पब्लिक गुड' के रूप में बनाना और पहले दिन से ही इसे बड़े पैमाने के लिए डिजाइन करना शामिल था। जब इस आधार पर एआई को जोड़ा जाता है, तो शासन अधिक उत्तरदायी और कुशल हो जाता है। एआई कल्याणकारी योजनाओं के सही लक्ष्यीकरण, धोखाधड़ी का पता लगाने और इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस में मदद कर सकता है। भारत यह सुनिश्चित करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में है कि एआई का लाभ अंतिम मील तक, यानी गांवों के किसानों, छोटे शहरों के छात्रों और एमएसएमई तक पहुंचे। लक्ष्य केवल एआई को अपनाना नहीं है, बल्कि नागरिकों को वास्तव में सशक्त बनाना है।

**सवाल:** भारत का आईटी सेक्टर हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। एआई का इस सेक्टर पर क्या प्रभाव पड़ेगा और सरकार इसे मजबूत करने के लिए क्या कर रही है?

**जवाब:** पीएम मोदी ने बताया कि एआई आईटी सेक्टर के लिए अवसर और चुनौती दोनों है। बाजार के अनुमानों के अनुसार, एआई-आधारित आउटसोर्सिंग और ऑटोमेशन के दम पर भारत का आईटी सेक्टर 2030 तक 400 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई आईटी सेक्टर की जगह नहीं ले रहा है, बल्कि इसे बदल रहा है। सरकार ने इंडिया एआई मिशन के तहत एक व्यापक रणनीति बनाई है। स्टार्टअप्स और एंटरप्राइजेज के लिए किफायती एआई कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और जीपीयू तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और टिकाऊ शहरों में उत्कृष्टता केंद्रस्थापित किए गए हैं। सरकार चाहती है कि भारतीय आईटी सेक्टर केवल सर्विस डिलीवरी तक सीमित न रहे, बल्कि भारत और दुनिया के लिए एआई उत्पाद और प्लेटफॉर्म बनाने में नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि तकनीक केवल मानवीय इरादों के लिए एक फोर्स-मल्टीप्लायर है और निर्णय लेने की अंतिम जिम्मेदारी हमेशा इंसानों की होनी चाहिए। भारत ने एआई विनियमन में एक संरचित दृष्टिकोण अपनाया है। जनवरी 2025 में एआई सेफ्टी इंस्टीच्यूट लॉन्च किया गया, जो एआई सिस्टम की नैतिक और सुरक्षित तैनाती को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित तंत्र है।

### नई श्रृंखला में आधार प्रभाव का असर रहेगा कम

# खाद्य कीमतों में तेजी, नए वित्त वर्ष में 1.8% बढ़ेगी महंगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



नए वित्त वर्ष 2026-27 में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी से खुदरा महंगाई 1.8 फीसदी बढ़कर 4.3 फीसदी तक पहुंच सकती है। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया है कि कम आधार प्रभाव और खाद्य वस्तुओं का घटा भारांश महंगाई बढ़ोतरी को सीमित करेगा। सोने-चांदी की कीमतों में उछाल से मुख्य महंगाई बढ़ी है। पढ़ें रिपोर्ट-

खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में तेजी के चलते खुदरा महंगाई एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष 2026-27 में 1.8 फीसदी बढ़कर 4.3 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकती है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 2.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है।

क्रिसिल ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, खाद्य वस्तुओं की महंगाई के मौजूदा निचले स्तर से सामान्य होने की वजह से खुदरा महंगाई बढ़ेगी। इसकी मुख्य वजह कम आधार प्रभाव है। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की कीमतें मौटे तौर पर नरम रहने की उम्मीद है, जिसे 2026 में मानसून के सामान्य रहने से समर्थन मिलेगा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मुद्रास्फीति की नई श्रृंखला में खाद्य वस्तुओं का कम भारांश खुदरा महंगाई में इस बढ़ोतरी को सीमित कर देगा। नई श्रृंखला में खाद्य वस्तुओं का भारांश पुरानी सीरीज के 45.86 फीसदी से कम होकर 36.75 फीसदी रह गया है। यानी आधार प्रभाव से महंगाई में होने वाली बढ़ोतरी पुरानी श्रृंखला के मुकाबले कम होगी। गैर-खाद्य महंगाई से भी मुद्रास्फीति में होने वाली वृद्धि को सीमित रखने में मदद मिलेगी। सोने-चांदी में उछाल से आरबीआई ने 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए महंगाई अनुमान को बढ़ाकर क्रमशः 4 फीसदी एवं 4.2 फीसदी कर दिया है। मुख्य महंगाई में ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले खाद्य और बिजली की मुद्रास्फीति दर को शामिल नहीं किया जाता है।

**नई श्रृंखला में उतार-चढ़ाव कम रहेगा:** महंगाई के संशोधित ढांचे के तहत खाद्य महंगाई में उतार-चढ़ाव कम हो सकता है। इससे आरबीआई को रेपो दर पर यथास्थिति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### सोने-चांदी में उछाल से तेज रफ्तार से बढ़ी मुख्य महंगाई



रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य महंगाई इंडेक्स का भारांश 47.3 फीसदी से बढ़कर 57.89 फीसदी हो गया है। इससे हेडलाइन महंगाई पर इसका असर और मजबूत हुआ है और खुदरा मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी को सीमित रखने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में हेडलाइन मुद्रास्फीति की तुलना में मुख्य महंगाई दर ज्यादा तेजी से बढ़ी है, जिसकी वजह सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल रही है।

### भारी बारिश के कारण पड़ा असर

# गन्ने की पैदावार कम होने से घट सकता है चीनी उत्पादन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रमुख उत्पादक राज्यों में भारी वर्षा होने के कारण गन्ने की पैदावार कम होने से देश में चीनी के उत्पादन में गिरावट आ सकती है। इससे दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश भारत से निर्यात सीमित हो जाएगा। व्यापारियों एवं किसानों का कहना है कि भारत को अपने आवंटित निर्यात कोटे का आधा हिस्सा भी निर्यात करने में मुश्किल हो सकती है, जिससे वैश्विक स्तर पर चीनी की कीमतों को समर्थन मिल रहा है और यह पांच साल के निचले स्तर के करीब हैं।

पांच व्यापारिक संगठनों के आंतरिक अनुमानों के आधार पर सितंबर में समाप्त होने वाले विपणन वर्ष 2025-26 में भारत में 2.85 से 2.9 करोड़ टन चीनी उत्पादन होने का अनुमान है। इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इस्मा) ने इस वर्ष के लिए 3.09 करोड़ टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया है। एमईआईआर कमोडिटीज इंडिया के प्रबंध निदेशक राहिल शेख ने कहा, सभी प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में पैदावार कम हुई है। इससे चालू सीजन के उत्पादन अनुमान कम हो रहे हैं।

राज्य सरकार के एक अधिकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र में इस सीजन में अब तक 90 लाख टन चीनी का उत्पादन हो चुका है। गन्ने की कमी से पेराई शुरू करने वाली 207 मिलों में से लगभग आधी बंद हो चुकी हैं। मुंबई के एक डीलर ने कहा, चीनी उत्पादन में कमी और अगले महीने से गर्मी के मौसम में मांग में अपेक्षित वृद्धि से कीमतों को समर्थन मिलने की संभावना है।

**महाराष्ट्र में सर्वाधिक नुकसान की आशंका–** सबसे ज्यादा नुकसान महाराष्ट्र में होने की आशंका है, जो गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। राज्य में उत्पादन पहले के 1.08 करोड़ टन के अनुमान के मुकाबले 96 लाख टन रह सकता है। महाराष्ट्र एवं पड़ोसी राज्य कर्नाटक के गन्ना उत्पादक क्षेत्रों के लगभग पांच दर्जन किसानों ने बताया कि अत्यधिक बारिश से गन्ने की जड़ों का विकास प्रभावित हुआ और फसल समय से पहले पक गई।

## दिल्ली के कार की टक्कर से डिलीवरी बॉय की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 3 बजे हुआ था। आरोपी कार ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। कार भी जब्त की गई है।

## महाराष्ट्र में करेले की सब्जी बनाने पर बेटे ने मां की हत्या की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में करेले की सब्जी बनाने से नाराज एक शख्स ने अपनी 65 साल की मां की हत्या कर दी। पीड़ित की पहचान सुमित्रा पेटकुले (65) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी जगदीश पेटकुले (37) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक जगदीश शराब का आदी था। उसकी पत्नी दो महीने पहले घर छोड़कर चली गई थी जिसके बाद से वह अपनी मां के साथ रह रहा था। घटना वाली रात, वह नशे में घर लौटा और करेला पकाने को लेकर अपनी मां से बहस करने लगा। फिर उनकी हत्या कर दी।

## सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी नाम पर निर्माण रोकने की मांग खारिज की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मुगल शासक बाबर के नाम पर किसी भी धार्मिक ढांचे के निर्माण पर रोक लगाने का निर्देश देने की मांग संबंधी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने याचिका वापस ले ली। याचिकाकर्ता के वकील ने तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के ऐलान का हवाला दिया। हुमायूं ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान किया है। याचिका में इस संबंध में केंद्र सरकार, राज्यों और अन्य संबंधित पक्षों को निर्देश देने की मांग की गई थी।

## गुजरात में शादी के लिए माता-पिता की मंजूरी जरूरी

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने विधानसभा में विवाह पंजीकरण नियमों में संशोधन का ड्राफ्ट पेश किया है। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, अब लव-मैरिज के लिए आवेदन करने पर लड़के-लड़की के माता-पिता को व्हाट्सएप के जरिए सूचित किया जाएगा और आवेदन के 40वें दिन शादी का प्रमाण-पत्र मिलेगा।

# मप्र में 20 जिलों में बारिश-आंधी का अलर्ट: राजस्थान में मिनिमम टेम्परेचर 11° से 17°

## भोपाल और जबलपुर में सुबह हल्की बरसात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





देश के कई हिस्सों में आज से मौसम में बदलाव दिखा है। मध्य प्रदेश में साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) और टर्फ की एक्टिविटी की वजह से 4 दिन तक आंधी-बारिश का अलर्ट है। एक दिन पहले भी 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई।

राजस्थान में तापमान चढ़ने के साथ ही सर्दी घटने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहेगा। तापमान बढ़ने से दिन में गर्मी बढ़ेगी। 20 फरवरी को 6 शहरों का दिन का तापमान 30त्उ से ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 11त्उ से 17त्उ के बीच है।

हरियाणा में मौसम लगातार बदल रहा है। आज राज्य के अधिकांश शहरों में सुबह घना कोहरा छाया। हिसार में विजिबलिटी करीब 50 मीटर से कम रही। मौसम विभाग के मुताबिक सबसे कम तापमान 8.5त्उ नारनौल का रहा, सबसे अधिक 29.9त्उ पलवल का रहा।

पहाड़ों पर हल्की बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में 22 फरवरी को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। वहीं कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में आज भारी बारिश की आशंका जताई है।

मध्य प्रदेश में 4 दिन आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। शुक्रवार को साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) और ट्रफ लाइन की एक्टिविटी की वजह से प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। वहीं शनिवार को बादल छाए हुए हैं। नए सिस्टम की वजह से 23 और 24 फरवरी को फिर मौसम बदलेगा। ये सिस्टम दक्षिण-पूर्वी जिलों में ज्यादा असर दिखाएगा। प्रदेश में 3 दिन से आंधी-बारिश वाला मौसम है। कुछ जिलों में ओले भी गिरे हैं। 24 घंटे के दौरान भोपाल, रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, धार, इंदौर, रायसेन, उज्जैन, सागर, छतरपुर, शाजापुर समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई।

# खजुराहो महोत्सव- मंत्री के भाषण पर पर्यटकों की हूटिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खजुराहो

विश्व प्रसिद्ध खजुराहो नृत्य महोत्सव का शुरू हो चुका है। हालांकि शुक्रवार को पहले ही दिन मंच पर ऐसी परिस्थिति बनी, जिसने दर्शकों को हैरान कर दिया। दरअसल, शुभारंभ समारोह में संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भाषण देने मंच पर पहुंचे।

समय शाम 6:30 बजे तय था, लेकिन मुख्य अतिथि और अन्य मंत्री देर से समारोह में पहुंचे। दर्शक दीर्घा में बैठे देसी और विदेशी पर्यटक लंबे समय तक इंतजार कर रहे थे। समारोह लगभग दो घंटे की देरी से शुरू हुआ, जिससे कई लोगों का धैर्य जवाब दे गया। देरी से शुरू होने के बाद भी मंच पर कलाकारों ने प्रस्तुति देकर महोत्सव की भव्यता बनाए रखी। दर्शकों ने रंग-बिरंगे नृत्यों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और उत्सव का स्वागत उत्साहपूर्वक किया। यह महोत्सव 26 फरवरी तक चलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करीब 16 मिनट तक अपना संबोधन दिया। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने भी 3 मिनट तक अपनी बात रखी। जब संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का भाषण शुरू हुआ, तो दर्शक बुरी तरह भड़क गए। पर्यटकों को नृत्य का इंतजार था, लेकिन नेताओं के लंबे भाषणों ने उनका सब्र तोड़ दिया। देखते ही देखते सामने बैठी भीड़ 'गो बैक' के नारे लगाने लगी और चारों तरफ से 'हो-हो' का शोर सुनाई देने लगा। हैरानी की बात यह रही कि इतनी भारी हूटिंग के बावजूद मंत्री जी अपना भाषण देते रहे। वे करीब 6 मिनट तक बोले और अंत में जब शोर और बढ़ा, तो वे चार पंक्तियां सुनाने की जिद पर अड़ गए।

दर्शकों की पीड़ा समझते हुए उन्होंने मंच से यह तो स्वीकार किया कि लोग कार्यक्रम देखने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन फिर भी बिना अपनी कविता सुनाए और जयकारे लगवाए बगैर वे मंच से नीचे नहीं उतरे।

# यूपी के इंजीनियर और उसकी पत्नी को फांसी होगी: बच्चों का यौन शोषण करके वीडियो बनाकर बेचता था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बांदा

उत्तर प्रदेश के बांदा कोर्ट ने शुक्रवार को बच्चों का यौन शोषण करने वाले पति-पत्नी को फांसी की सजा सुनाई। ये दोनों बच्चों का यौन शोषण करते थे और अश्लील वीडियो-फोटो बनाकर डार्क वेब के जरिए विदेशों में बेचते थे। फैसला देते समय पॉक्सो कोर्ट के जज प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा- दोनों पति-पत्नी को मरते दम तक फंदे पर लटकाए रखा जाए। इससे पहले कोर्ट ने 18 फरवरी को दोनों को दोषी ठहराया था। पति रामभवन सिंचाई विभाग का इंजीनियर था, जबकि पत्नी दुर्गावती हाउस वाइफ थी। सीबीआई ने रामभवन को 18 नवंबर, 2020 को अरेस्ट किया था। वहीं, दुर्गावती को गवाहों पर दबाव डालकर समझौता कराने का दोषी पाया गया था। बांदा का रहने वाला रामभवन (55) चित्रकूट में सिंचाई विभाग में जेई के पद पर तैनात था। वह चित्रकूट की रउट कॉलोनी में पत्नी दुर्गावती (50) के साथ रहता था। दोनों के कोई संतान नहीं थी। रामभवन अपनी पत्नी के साथ मिलकर गरीब घरों के बच्चों को लालच देकर अपने जाल में फंसाता था। दोनों मिलकर नाबालिगों का कुकर्म करते थे। बच्चों की उम्र 5 से 16 साल के बीच होती थी। बच्चों के साथ पत्नी संबंध बनाती थी, जबकि रामभवन उनसे कुकर्म करता था। इतना ही नहीं, दोनों लैपटॉप के कैमरे के जरिए बच्चों के अश्लील वीडियो भी बना लेते थे।

## पथराव के बाद 49 गिरफ्तार, कर्फ्यू जैसे हालात

# जबलपुर के पास आरती-अजान के विवाद में बवाल: मंदिर से घसीटकर पीटने के आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेश के जबलपुर से करीब 40 किमी दूर सिहोरा तहसील में गुरुवार रात दुर्गा मंदिर और मस्जिद के बीच आरती-अजान को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पथराव और मारपीट के बाद इलाके में कर्फ्यू जैसे हालात हैं।

भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और अब तक 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है।

पुलिस की शुरूआती जांच के मुताबिक, मंदिर में आरती और मस्जिद में अजान एक ही समय पर हो रही थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और मामला झड़प तक पहुंच गया। आरोप है कि मस्जिद से 50-70 युवकों की भीड़ बाहर आई और विवाद बढ़ गया। दुर्गा मंदिर समिति के सदस्य अंकेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि भीड़ ने मंदिर में घुसने की कोशिश की और उन्हें अंदर से घसीटकर बाहर निकाला गया। उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद 20-25 मिनट तक पथराव चलता रहा, जिसमें मंदिर के कांच टूट गए और कई लोग घायल हुए।

बहोरीबंद विधायक के भाई प्रांजल पांडे को भी पत्थर लगने की जानकारी सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मस्जिद में चल रहे निर्माण कार्य के कारण परिसर में रखे पत्थरों का इस्तेमाल पथराव में किया गया। शुक्रवार दोपहर हिंदू संगठनों ने सिहोरा थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर के सामने मस्जिद तोड़ने और नमाज पर रोक लगाने की मांग की। कई लोग सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करते रहे। बस स्टैंड क्षेत्र में कुछ ठेले भी पलटे गए।

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति.
NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY, TIRUPATI.
(A Central University established by an Act of Parliament)
भर्ती अधिसूचना / RECRUITMENT NOTIFICATION
Teaching Posts (Direct Recruitment)
(Advt.No.NSKTU/Admn./T/2025/04 dated 18-02-2026)

National Sanskrit University, Tirupati invites online applications from Indian Nationals for the Direct Recruitment of Teaching positions.

| S. No. | Name of the Post | No. of Posts Vacant | No. of Posts & Reserved categories | | | | | | Academic Pay Level (7th CPC) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | SC | ST | OBC | PwBD | EWS | UR | |
| 1. | Associate Professor in Yoga Vijnana | 01 | - | - | 01* | - | - | - | 13A |
| 2. | Associate Professor in Agama | 01 | - | - | - | - | - | 01 | 13A |

* Backlog vacancies

The last date for submission of online applications for teaching positions is 15-03-2026. For details of posts, educational qualification, experience and other criteria, please visit the University website http://www.nsktu.ac.in.

कुलसचिव / REGISTRAR

CBC 21364/12/0004/2526

### सोशल मीडिया पर शहबाज का मजाक उड़ा

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के एक इशारे पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज खड़े हुए, ग्रुप फोटो में भी सबसे पीछे दिखे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

ट्रम्प ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को खड़े होकर अपनी बात सुनने को कहा और शरीफ खड़े हो गए। यह घटना गुरुवार की है। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और ट्रम्प के बीच हुई मुलाकात सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, शहबाज बोर्ड ऑफ पीस समिट में शामिल होने पहुंचे थे। लेकिन उन्हें वहां पर ज्यादा तवज्जो नहीं मिली। इसे लेकर उनका मजाक भी बन रहा है।

गाजा को लेकर हुई पहली बैठक में शहबाज पीछे की कतार में और अलग-थलग नजर आए। एक पल तो ऐसा भी आया जब ट्रम्प ने भाषण देते हुए शहबाज को इशारा किया और वे तुरंत अपनी सीट से खड़े भी हो गए।

ट्रम्प ने मंच से कहा- पाकिस्तान और भारत यह बड़ा मामला था। आपको खड़ा होना चाहिए, कृपया एक पल के लिए खड़े हो जाइए। यह सुनते ही शरीफ तुरंत खड़े भी हो गए। इस दौरान शहबाज बेहद असहज दिखे। सोशल मीडिया पर इसे स्कूल असेंबली वाला मोमेंट कहा गया यानी जब टीचर खड़ा होने को कहे और छात्र तुरंत खड़ा हो जाए। एक और वायरल वीडियो में शहबाज, ट्रम्प को गले लगाने की कोशिश करते हुए भी दिखाई देते हैं।

### शहबाज के दौरे की गड़बड़ी से शुरूआत

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में गुरुवार को बोर्ड ऑफ पीस की पहली बैठक हुई थी। इसमें करीब 40 देशों के अधिकारी शामिल हुए थे। भारत भी इसमें पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल हुआ था।

शरीफ की अमेरिका यात्रा की शुरूआत ही विवादों से हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बयान में कई टाइपो थे, जैसे कि विदेश मंत्रालय की ऑफिशियल प्रेस रिलीज में यूनाइटेड स्टेट्स की जगह 'Unites States of Americas' लिखा गया। सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट वायरल हो गए और लोग सरकारी स्तर की प्रूफरीडिंग पर सवाल उठाने लगे। पिछले साल इजराइल के ईरान पर हमले की निंदा करते समय शरीफ ने आई कंडेम (I condemn) की जगह आई कंडोम लिख दिया था, जिसे तब काफी ट्रोल किया गया।

### सबसे पीछे नजर आए पाकिस्तानी पीएम

वॉशिंगटन पहुंचने के बाद भी हालात आसान नहीं रहे। ग्रुप फोटो में शरीफ मुश्किल से दिखाई दे रहे थे। ट्रम्प आगे की कतार में खड़े थे, उनके साथ उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो थे। सऊदी अरब, इंडोनेशिया और कतर के नेता उनके ठीक पीछे खड़े थे, जबकि शरीफ पीछे की ओर नजर आए।

भाषण के दौरान ट्रम्प ने शरीफ को खड़े होने के लिए कहा। शरीफ तुरंत खड़े हो गए, जिसका सोशल मीडिया पर मजाक बना और कुछ लोगों ने उन्हें ट्रम्प का पपेट कहा। इसी दौरान ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महान व्यक्ति और बहुत अच्छे दोस्त बताया, जिससे शरीफ और असहज दिखे।




बोर्ड ऑफ पीस की मीटिंग गुरुवार को हुई, इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ दुनियाभर के नेता एक मंच पर नजर आए।

## शरीफ ने ट्रम्प को मैन ऑफ पीस कहकर संबोधित किया

बोर्ड ऑफ पीस की मीटिंग गुरुवार को हुई, इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ दुनियाभर के नेता एक मंच पर नजर आए। शहबाज शरीफ पीछे की कतार में दाएं से तीसरे नंबर पर हैं।

शहबाज ट्रम्प की चापलूसी करते दिखे अपने भाषण में शरीफ ने ट्रम्प को मैन ऑफ पीस कहकर संबोधित किया और उन्होंने दक्षिण एशिया का सच्चा रक्षक बता डाला। इस दौरान शहबाज शरीफ ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में सैन्य टकराव के बाद हुए युद्धविराम का क्रेडिट भी ट्रम्प को दे दिया। हालांकि इतनी तारीफ के बावजूद ट्रम्प को इससे खास फर्क नहीं पड़ा।

शरीफ ने ट्रम्प को संबोधित करते हुए कहा- भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने के लिए आपके समय पर और असरदार हस्तक्षेप ने शायद 2.5 करोड़ लोगों की जान बचाई। आप सच में मैन ऑफ पीस साबित हुए हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आप सच में दक्षिण एशिया के मसीहा हैं। गाजा आपकी विरासत होगी।

### पाकिस्तान के पंजाब में बैन संगठनों को चंदा देना अपराध


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में प्रतिबंधित संगठनों को जकात या किसी भी तरह की आर्थिक मदद देना अपराध माना जाएगा। पंजाब होम डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी कर साफ किया कि जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा जैसे संगठनों को फंडिंग करने वालों पर एंटी-टेररिज्म एक्ट, 1997 के तहत केस दर्ज होगा।

सरकार ने कहा है कि किसी भी प्रतिबंधित या अपंजीकृत संगठन को आर्थिक सहायता देना आपराधिक कृत्य है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे अपनी जकात और दान केवल पंजाब चैरिटी कमीशन में पंजीकृत संस्थाओं को ही दें। ताजा सूची में करीब 90 संगठनों के नाम शामिल हैं। इनमें अल-कायदा, आईएसआईएस, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी पाकिस्तान भी शामिल हैं। पंजाब सरकार ने चेतावनी दी है कि दान का पैसा जरूरतमंदों तक पहुंचे, न कि आतंकवादी या राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों तक।

# भारत के साथ ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं

### पहले से तय समझौते पर बात आगे बढ़ेगी; वो टैरिफ देंगे, हम नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले और ट्रम्प के दोबारा नए टैरिफ के ऐलान के बाद भारत-यूएस ट्रेड डील पहले की तरह रहेगी। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि, भारत के साथ होने जा रहे समझौते पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगा।

दरअसल शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले के 3 घंटे के अंदर डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनियाभर पर 10% ग्लोबल टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वह एक आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिसके तहत 10% का ग्लोबल टैरिफ लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह टैरिफ पहले से लगाए जा रहे बेसलाइन टैरिफ के ऊपर होगा। यानी जो टैरिफ अभी लिया जा रहा है, उसके अलावा यह नया 10% एक्स्ट्रा टैरिफ होगा। हालांकि भारत के साथ डील में यह अतिरिक्त टैरिफ शामिल होगा, या पहले से तय 18% में ही एडजस्ट किया जाएगा। इस पर ट्रम्प ने कोई बयान नहीं दिया।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका के साथ 'अंतरिम व्यापार समझौता' फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा। मार्च में इस पर हस्ताक्षर होंगे, वहीं अप्रैल से ये समझौता पूरी तरह लागू हो जाएगा।

इसके साथ ही आने वाले कुछ महीनों में भारत दुनिया के बड़े देशों साथ व्यापारिक समझौतों पर अंतिम मुहर लगाएगा। अप्रैल में ब्रिटेन और ओमान के साथ भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट शुरू होने की उम्मीद है। 23 फरवरी से भारत और अमेरिका के अधिकारी अमेरिका में तीन दिनों की अहम बैठक करेंगे। इस बैठक का मकसद 7 फरवरी को जारी 'जॉइंट स्टेटमेंट' के आधार पर कानूनी ड्राफ्ट तैयार करना है। वाणिज्य मंत्रालय के चीफ नेगोशिएटर दर्पण जैन भारतीय डेलिगेशन का नेतृत्व करेंगे। उम्मीद है कि टैक्स में 25% से 18% की कमी का आधिकारिक आदेश इसी हफ्ते या अगले हफ्ते तक आ जाएगा। इससे भारत के कपड़ा, चमड़ा और जेम्स-ज्वैलरी जैसे सेक्टर को सीधा फायदा होगा।

### 7 फरवरी को ट्रेड डील का ऐलान हुआ था

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

## नासा ने माना- सुनीता का अंतरिक्ष में फंसना खतरनाक था: इसे कल्पना चावला के साथ हुए हादसे जैसा माना; घटना को गंभीर कैटेगरी में रखा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने माना कि सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में फंसना खतरनाक था। नासा ने इस मिशन को दुर्घटना की टाइप ए कैटेगरी में रखा गया है। इसी कैटेगरी की दुर्घटना को सबसे गंभीर कैटेगरी माना जाता है।

चैलेंजर और कोलंबिया शटल दुर्घटनाओं के लिए भी इसी कैटेगरी का इस्तेमाल किया गया था। कोलंबिया शटल दुर्घटना में ही भारत की अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का निधन हुआ था।

19 फरवरी 2026 को जारी 311 पेज की रिपोर्ट में नासा के प्रशासक जेरेड इसाकमान ने लिखा- सुनीता विलियम्स के मिशन में गंभीर खामियां थी। उन्होंने कमियों को नजरअंदाज करने के लिए एजेंसी और बोइंग की कड़ी आलोचना की।

दरअसल, सुनीता विलियम्स साल 2024 में 8 दिन के मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंची थीं, लेकिन तकनीकी कारणों से उनकी वापसी में 9 महीने से ज्यादा समय लग गया था।

### जनवरी में सुनीता विलियम्स ने 27 साल बाद रिटायरमेंट लिया

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट लिया है। उनका रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से लागू हुआ। हालांकि ठअरअ ने इसकी घोषणा 20 जनवरी को की थी।

सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने ठअरअ के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए। पहली बार वह 9 दिसंबर 2006 में अंतरिक्ष में गई थी। सुनीता ने अंतरिक्ष में 9 स्पेसवॉक की। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री में सबसे ज्यादा है।

### सुनीता बोलीं- स्पेस से धरती देखने पर महसूस होता है कि हम सब एक हैं

सुनीता पिछले महीने भारत दौरे पर आईं थीं। उन्होंने दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' सेमिनार में हिस्सा भी लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। भारत आना घर वापसी जैसाः भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के ठउ्ळश्व के सवाल पर मजाकिया लहजे में कहा, 'मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अंतरिक्ष खोज में अगली पीढ़ी को अपना स्थान बनाना होगा।

अंतरिक्ष में बिताए दिन परः क्या स्पेस ट्रैवल ने उनकी जिंदगी के नजरिए को बदला है, तो उन्होंने कहा- हां, बिल्कुल। जब आप धरती को स्पेस से देखते हैं, तो महसूस होता है कि हम सब एक हैं और हमें ज्यादा करीब से मिलकर काम करना चाहिए।

अंतरिक्ष में फैले कचरे परः पिछले एक दशक में यह एक बड़ी चुनौती बन गई है और इसे मैनेज करने के लिए नई टेक्नोलॉजी की जरूरत है।

अंतरिक्ष मिशन को याद कियाः इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में बिताए समय और उस वक्त के चुनौतीपूर्ण दौर पर कहा, जब 8 दिन का मिशन तकनीकी दिक्कतों के कारण नौ महीने से ज्यादा का हो गया। इस दौरान क्रर पर मल्टी-कल्चरल क्रू के साथ त्योहार मनाने के विजुअल्स भी दिखाए गए।

कल्पना चावला को 16 फरवरी 2003 को वापस धरती पर लौट आना था, लेकिन लैंडिंग से 16 मिनट पहले उनके यान में धमाका हो गया था।

## अंतर ढूंढो...








## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ला | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | हे | डी. | म्स | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर 10% ग्लोबल टैरिफ लगाया

**अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले के 3 घंटे के अंदर डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनियाभर पर 10% ग्लोबल टैरिफ लगा दिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वह आज एक आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत 10% का ग्लोबल टैरिफ लगाया जाएगा।**

**इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान के तहत टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।**

**ट्रम्प ने इसकी आलोचना करते हुए कहा- यह बहुत निराशाजनक है। मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि, इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं।**

## भारत पर अब 18% टैरिफ नहीं लगेगा; अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को अवैध बताया था

हालांकि, इइउ की रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत वैश्विक 10% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, न कि उस टैरिफ दर का जिस पर उन्होंने पहले बातचीत की थी। इससे भारत पर कुल टैरिफ 18% घटकर 10% रह जाएगा।







### निक्सन ने 55 साल पहले लगाया था 10% ग्लोबल टैरिफ

साल 1971 में अमेरिका और दुनिया के बीच व्यापार और भुगतान संतुलन (बैलेंस ऑफ पेमेंट) में भारी असंतुलन हो गया था। अमेरिका लगातार ज्यादा आयात कर रहा था और निर्यात कम कर पा रहा था, जिससे डॉलर पर दबाव बढ़ रहा था। इसके बाद निक्सन ने दुनियाभर के देशों पर 10% का ग्लोबल टैरिफ लगा दिया था। इसके बाद यह महसूस किया गया कि भविष्य में अगर ऐसी आर्थिक आपात स्थिति आती है, तो राष्ट्रपति के पास ऐसी चीजों से निपटने के लिए कानूनी अधिकार होने चाहिए। इसी मकसद से 1974 में ह्लट्रेड एक्ट 1974ह्व पारित किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक सेक्शन 122 का पहले कभी इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसलिए यह भी साफ नहीं है कि अगर इसे अदालत में चुनौती दी गई,

### ट्रम्प बोले- जजों में सही काम करने की हिम्मत नहीं

ट्रम्प ने कहा कि जज कट्टर वामपंथियों के पालतू हैं। वे देशभक्ति नहीं दिखा रहे हैं और संविधान के प्रति वफादार भी नहीं हैं। जज कुछ लोगों से डरते हैं इसलिए सही फैसला लेना नहीं चाहते।

ट्रम्प ने इस फैसले को बहुत निराशाजनक बताया और कहा, मुझे अदालत के कुछ लोगों पर शर्म आती है। बिल्कुल शर्म आती है कि उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने उन तीन कंजरवेटिव जजों की तारीफ की, जिन्होंने इस फैसले से असहमति जताई थी। जिन जजों ने टैरिफ को रद्द किया, उनकी आलोचना करते हुए ट्रम्प ने कहा, ह्लवे हर उस चीज के खिलाफ हैं जो अमेरिका को मजबूत और फिर से महान बनाती है। वे हमारे देश के लिए शर्म की बात हैं। वे हर बार ना कहने वाले जज हैं।

### ट्रम्प के प्रेस कॉन्फ्रेंस की

सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिए लागू कर सकता हूं। सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी। जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा। हम अगले 5 साल तक कोर्ट में ही रहेंगे।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- मुनीर मेरे बॉस नहीं:सेना अब सरकार नहीं चलाती

**पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि फील्ड मार्शल आसिम मुनीर उनके बॉस नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि उनके बॉस प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हैं 18 फरवरी को फ्रांस 24 इंग्लिश को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया था कि क्या आसिम मुनीर ही पाकिस्तान की सरकार चला रहे हैं। उन्होंने माना कि अतीत में सेना ने सीधे शासन संभाला था। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान का एक सिस्टम है। हमारे इतिहास में ऐसे दौर रहे हैं, जब सेना का सरकार पर नियंत्रण रहा। एक समय ऐसा भी था जब सेना ने दखल देकर सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। उन्होंने कहा कि इस समय पाकिस्तान अफगानिस्तान से खतरे, आतंकवाद, भारत के साथ तनाव और कमजोर अर्थव्यवस्था जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे हालात में पाकिस्तानी सेना सरकार का समर्थन कर रही है।**






### पहले कहा था- सरकार और सेना मिलकर देश चलाते हैं

ख्वाजा आसिफ ने इससे पहले पिछले साल दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान में सरकार और सेना मिलकर देश चलाते हैं। आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तान को हाइब्रिड मॉडल से चलाया जा रहा है।

आसिफ पहले भी कई बार हाइब्रिड मॉडल की तारीफ कर चुके हैं। अरब न्यूज को दिए एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान का पॉलिटिकल सिस्टम आदर्श लोकतंत्र नहीं, लेकिन जरूरी है।

उन्होंने कहा था कि यह मॉडल पाकिस्तान की आर्थिक और शासन की समस्याओं को हल करने में 'कमाल' कर रहा है।

### भारत-अफगानिस्तान पर प्रॉक्सी वॉर चलाने का आरोप लगाया

ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और काबुल की सोच एक जैसी है।

आसिफ ने कहा जरूरत पड़ी तो पाकिस्तान अफगानिस्तान में दोबारा कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अफगानिस्तान की ओर से शांति की कोई ठोस गारंटी नहीं मिलती है, तो पाकिस्तान वहां नए हमले करने से पीछे नहीं हटेगा। आसिफ ने यह भी कहा कि भारत के साथ युद्ध की संभावना अभी भी खत्म नहीं हुई है।

इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हाल ही में हुए बम धमाके का जिक्र करते हुए आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में लगभग सभी बड़े आतंकी संगठनों की मौजूदगी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आतंकवाद रोकने में काबुल सरकार गंभीर नहीं है। उनके मुताबिक इसे सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मिलीभगत कहना ज्यादा सही होगा।

6 फरवरी को नमाज के दौरान हुए इस आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 लोग घायल हुए। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट समूह ने ली है।

■ वर्ष-12 अंक-110 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 21 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

नाश्चर्यमिदं विश्वं न किंचिदिति निश्चयी।
निर्वासनः स्फूर्तिमात्रो न किंचिदिव शाम्यति॥

**भावार्थ** : अनेक आश्चर्यों से युक्त यह विश्व अस्तित्वहीन है, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला, इच्छा रहित और शुद्ध अस्तित्व हो जाता है। वह अपार शांति को प्राप्त करता है।

**अंतकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम्।**
**यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः॥**

**भावार्थ** : जो पुरुष अंतकाल में भी मुझको ही स्मरण करता हुआ शरीर को त्याग कर जाता है, वह मेरे साक्षात स्वरूप को प्राप्त होता है- इसमें कुछ भी संशय नहीं है।

## अधिकारिणः वदन्ति यत् ते अभियुक्तानां ग्रहणं निरन्तरं कुर्वन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अधिकारिणः वदन्ति यत् ते अभियुक्तानां ग्रहणं निरन्तरं कुर्वन्ति, सम्पूर्णस्य विषयस्य सम्यक अन्वेषणं च कुर्वन्ति। तेषां कृते पञ्चनामभियुक्तानां १२ अज्ञातयुवानां च विरुद्धं हत्याप्रकरणं कृतम् अस्ति। पुलिस-अधिकारिणः अवदन् यत् यद्यपि प्रारम्भिक-अनुसन्धानं व्यक्तिगत-विवादः इति भासते तथापि एतस्य घटनायाः पृष्ठतः वास्तविक-प्रेरणायाः, षड्यंत्रस्य सवेर्षां पक्षानां च अन्वेषणं क्रियते। समीपस्थानां छात्राणां प्रत्यक्षदर्शिनां च पूर्णसत्यं उद्घाटयितुं प्रश्नाः क्रियन्ते। एषा घटना पुनः छात्राणां मध्ये वर्धमानस्य हिंसायाः, पारस्परिकविवादस्य च चिन्ताम् उत्पन्नवती अस्ति। भविष्ये एतादृशाः घटनाः न भवेयुः इति कृते प्रशासनेन अभियुक्तानां विरुद्धं कठोरकार्याणि कर्तुं स्थानीयनिवासिनः अभिभावकाः च आग्रहं कृतवन्तः। सम्प्रति पुलिस अस्य प्रकरणस्य सम्यक अन्वेषणं कुर्वती अस्ति, पलायितानां अभियुक्तानां अन्वेषणं च कुर्वती अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### अमेरिकादेशेन सह वातार्लापं करोति

भारतस्य कुलनिर्यातस्य प्रायः १७% भागः यूरोपीयविपण्यं प्राप्नोति। व्यापारसौदानां अनन्तरं अधिकांशः मालः शुल्करहितः भविष्यति अतः व्यापारस्य वृद्धिः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। पेट्रोलियम-उत्पादाः, वस्त्राणि, यन्त्राणि, आभूषणं, औषधक्षेत्रं च उन्नतिं प्राप्तुं शक्नुवन्ति, येन नूतननिवेशस्य मार्गः उद्घाटितः भवति। अमेरिकादेशेन सह वातार्लापं करोति।
वैश्विकभूराजनीतिं दृष्ट्वा भारतेन स्वव्यापारसाझेदारानाम् विविधतायाः आवश्यकता वर्तते। सौभाग्येन सर्वकारः अस्मिन् दिशि निरन्तरं कार्यं कुर्वन् अस्ति। गतवर्षे यूके, ओमान, ईएफटीए च सह व्यापारसौदाः अन्तिमरूपेण निर्धारिताः आसन्। यूरोपीयसङ्घस्य सह अमेरिकादेशेन सह प्रचलति वातार्यां अपि ध्यानं केन्द्रितम् अस्ति। केनचित् कठोरवाक्पटुतायाः अनन्तरं नूतनदिल्ली-वाशिङ्गटनयोः मध्ये वार्ता पुनः मार्गं प्राप्ता इति दृश्यते, यत् सुसमाचारः इति मन्यते। यूरोपीयसङ्घस्य सौदाः अमेरिकादेशेन सह प्रचलति वातार्यां अपि प्रभावं कर्तुं शक्नोति। चीनदेशं प्रति प्रतिक्रियां दत्त्वा। अमेरिकायाः अस्थिरनीतीनां कारणात् भारतस्य यूरोपस्य च नूतनानां, सशक्तानाम् मित्रराष्ट्रानां आवश्यकता वर्तते। अपि च चीनदेशः प्रमुखं साधारणं आव्हानं स्थापयति। उभयोः देशयोः बीजिंग-सङ्गठनेन सह व्यापारघाताः अभिलेखस्तरं प्राप्तवन्तः। चीनदेशेन भारतस्य यूरोपस्य च विनिर्माणक्षेत्रेषु क्षयः अभवत्। परस्परं समर्थनं कृत्वा उभौ अस्य व्यापारघातस्य सेतुबन्धने साहाय्यं कर्तुं शक्नुवन्ति।

**अस्याः घटनायाः कारणात् भक्तानाम् अपि चिन्ताजनकं**

## मन्दिरसङ्कुलस्य सुरक्षायां शिथिलता न भवेत् इति बहवः भक्ताः वदन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

अस्याः घटनायाः कारणात् भक्तानाम् अपि चिन्ताजनकं वातावरणं निर्मितम् अस्ति। मन्दिरसङ्कुलस्य सुरक्षायां शिथिलता न भवेत् इति बहवः भक्ताः वदन्ति। तेषां मतं यत् मातावैष्णोदेवी इत्यादिषु पवित्रस्थाने नियमानाम् कठोरपालनं अत्यावश्यकं भवति येन भक्ताः सुरक्षितवातावरणे भ्रमणं कर्तुं शक्नुवन्ति।

अस्य सम्पूर्णस्य मुद्दे: मध्ये तीर्थमण्डलेन सुरक्षाव्यवस्थाः अधिकं सुदृढाः भविष्यन्ति इति अपि सूचितम् अस्ति। मन्दिरसङ्कुलस्य अन्तः निगरानीयता अधिकं कठिनं भविष्यति, नियमानाम् उल्लङ्घकानां विरुद्धं कठोरकार्यवाही भविष्यति इति बोर्डेन उक्तम्। भविष्ये सुरक्षाव्यवस्थायाः तान्त्रिकदृष्ट्या अधिकं सुदृढीकरणस्य विषये अपि विचारः क्रियते इति अधिकारिणः वदन्ति।

इदानीं जम्मू-कश्मीरस्य उपराज्यपालः मनोजसिन्हा इत्यनेन अद्यैव तीर्थमण्डलस्य उच्चस्तरीयसभा आहूता, यस्मिन् वैष्णोदेवीतीर्थस्य परिसरस्य च विकासस्य विषये अनेके महत्त्वपूर्णाः निर्णयाः कृताः। सभायां वैष्णोदेवीं विश्वस्तरीयं आध्यात्मिककेन्द्रं विकसितुं मार्गचित्रं निर्मितम्।

सभायाः अनन्तरं उपराज्यपालः मनोजसिन्हा इत्यनेन उक्तं यत् वैष्णोदेवीतीर्थं भारतस्य प्रमुखं जीवन्तं च आध्यात्मिकपर्यटनस्थलं कर्तुं अनेकाः प्रमुखाः परियोजनाः आरब्धाः भविष्यन्ति। सः सूचितवान् यत् तीर्थमण्डलेन शक्तिदेव्याः आध्यात्मिकविरासतां समर्पितं अन्तर्राष्ट्रीयसङ्ग्रहालयस्य निर्माणस्य योजनायाः अनुमोदनं कृतम् अस्ति। वैश्विकतीर्थस्थलानां प्रतिरूपं ध्वनिप्रकाशप्रदर्शनं, वैष्णोदेवीतीर्थस्य विषये वृत्तचित्रं च निमार्तुं निर्णयः अपि कृतः अस्ति

उपराज्यपालः अपि अवदत् यत् यतः वैष्णोदेवीतीर्थस्य कारणेन कटरा-नगरस्य अन्तर्राष्ट्रीय-मान्यता प्राप्ता अस्ति, तस्मात तीर्थ-मण्डलेन नगरस्य विकासे प्रत्यक्षतया योगदानं दातुं निर्णयः कृतः सः अवदत् यत् कट्रा स्वच्छं, आधुनिकं, सुविधाजनकं च नगरं कर्तुं आधारभूतसंरचनानां सुदृढीकरणं भविष्यति।

**अपि च भविष्ये एतादृशघटनानां**

## निवारणाय खननक्षेत्रेषु कठोरनिरीक्षणस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

विशेषज्ञाः वदन्ति यत् राष्ट्रीयहरितन्यायाधिकरणस्य नियमानाम् अन्तर्गतं पर्यावरणक्षतिं क्षतिपूर्तिं कर्तुं अपराधिनां उपरि महतीं आर्थिकदण्डं दातुं शक्यते। अपि च भविष्ये एतादृशघटनानां निवारणाय खननक्षेत्रेषु कठोरनिरीक्षणस्य आग्रहः अस्ति। एतत् समग्रं प्रकरणं प्रशासनिकजवाबदेहीविषये अपि गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। यदि समये कठोरकार्याणि न क्रियन्ते तर्हि एतत् अवैधखननजालं अधिकं सुदृढं भवितुम् अर्हति इति स्थानीयनागरिकाः वदन्ति। यदि प्रशासनं तत्कालं कार्यवाही न करोति तर्हि ते बृहत्प्रमाणेन विरोधं कर्तुं बाध्यन्ते इति तेषां चेतावनी अस्ति। पर्यावरणविदः वदन्ति यत् नद्यः अवैधरूपेण वालुकाखननं देशे सर्वत्र गम्भीरसमस्या अभवत्, प्राकृतिकसंसाधनानाम् लुण्ठनस्य सदृशम् अस्ति। तेषां मतं यत् यदि एतादृशाः कार्याणि कठोररूपेण निषिद्धानि न भवन्ति तर्हि भविष्ये जलसम्पदां कृते गम्भीरः संकटः उत्पद्येत। सम्प्रति मण्डलामण्डले बञ्जरनद्याः अवैधखननविषये आक्रोशः चिन्ता च प्रचलति। अधुना स्थानीयजनाः प्रशासनिककायार्णां निकटतया निरीक्षणं कुर्वन्ति। ते वदन्ति यत् एषः केवलं खननस्य विषयः नास्ति, अपितु पर्यावरणेन, कृषिः, भविष्यत्पुस्तकानां भविष्यत् च सम्बद्धः विषयः अस्ति। प्रशासनं कथं एतत् गम्भीरं विषयं सम्बोधयिष्यति, एतत् अवैधखननं प्रभावीरूपेण नियन्त्रयितुं शक्नोति वा इति द्रष्टव्यम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज आपका मन थोड़ा बेचैन रह सकता है। खर्चे अचानक बढ़ सकते हैं, जिससे टेंशन हो सकती है।

**वृषभ** : आज पैसों के मामले में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। अचानक पैसा आने की खुशी मिलेगी।

**मिथुन** : आज सेहत थोड़ी ढीली रह सकती है। थकान, नींद की कमी या सिरदर्द परेशान कर सकता है।

**कर्क** : आज सेहत पर थोड़ा ध्यान देना जरूरी है। लव लाइफ और बच्चों से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है, जिससे मन हल्का रहेगा।

**सिंह** : आज पेट से जुड़ी दिक्कत या कमजोरी महसूस हो सकती है। चोट लगने या फिसलने से बचें।

**कन्या** : आज आपके व्यवहार में सख्ती दिख सकती है। ब्लड प्रेशर या मुंह से जुड़ी दिक्कत हो सकती है।

**तुला** : आज दांपत्य जीवन में खटास आ सकती है। बिना वजह शक या गलतफहमी से दूरी बढ़ सकती है।

**वृश्चिक** : आज बेचैनी और उलझन बनी रह सकती है। खर्च ज्यादा होंगे, जिससे मन परेशान रहेगा।

**धनु** : आज गुस्सा कंट्रोल में रखना जरूरी है। पैरों में दर्द या चोट लगने की आशंका है। सेहत थोड़ी कमजोर रह सकती है।

**मकर** : बच्चों की सेहत या पढ़ाई को लेकर चिंता रह सकती है। लव लाइफ में मनमुटाव हो सकता है।

**कुंभ** : आज सेहत कमजोर रह सकती है। नाक, कान या गले से जुड़ी दिक्कत हो सकती है। भाई-बहन को लेकर मन परेशान रहेगा।

**मीन** : सिरदर्द, आंखों में जलन या घबराहट महसूस हो सकती है। लव लाइफ और बच्चों से जुड़ी बातों में परेशानी रहेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि करेंगे नक्षत्र गोचर, इन 3 राशियों पर बरसेगी धन-खुशी, रुके काम होंगे पूरे

22 फरवरी 2026 को शनि उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के द्वितीय पद में प्रवेश करेंगे। यह गोचर सभी राशियों पर गहरा प्रभाव डालेगा। शनि का स्व-नक्षत्र में गोचर उनकी स्थिति को मजबूत करेगा, जिससे रुके हुए कार्य पूरे होंगे और धन, सफलता व खुशियों की वर्षा होगी। यह अवधि विशेष रूप से उन राशियों के लिए शुभ रहेगी जो लंबे समय से स्थिरता और सफलता की प्रतीक्षा कर रही थीं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनि ग्रह सबसे धीमी गति से गति करने वाला ग्रह है। यह एक राशि में लगभग ढाई साल तक विराजमान रहता है और एक नक्षत्र में लगभग एक वर्ष तक प्रभाव डालता है। हालांकि कभी-कभी शनि



कुछ महीनों के लिए भी नक्षत्र बदल सकता है। वर्ष 2026 में 22 फरवरी को शनि उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के प्रथम पद से द्वितीय पद में प्रवेश करेंगे। द्रिक पंचांग के अनुसार, इस नए पद में शनि लगभग एक माह यानी 21 मार्च तक रहेंगे, और इस दौरान उनका प्रभाव सभी राशियों पर व्यापक और गहरा दिखाई देगा।

उत्तराभाद्रपद नक्षत्र ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्रों में से 26वां है और यह गुरु के स्वामित्व वाली मीन राशि में स्थित होता है। खास बात यह है कि इस नक्षत्र के स्वामी स्वयं शनि देव हैं, और वर्तमान में शनि स्वयं मीन राशि में विराजमान हैं। जब शनि अपने स्व-नक्षत्र के द्वितीय पद में गोचर करेंगे, तो उनकी स्थिति और मजबूत होगी, जिससे ये जातकों के रुके हुए कामों को पूरा करने और धन व खुशियों की वर्षा करने में सक्षम होंगे। आइए जानें कि इस नक्षत्र परिवर्तन का लाभ किन राशियों को सबसे अधिक मिलेगा।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए शनि का उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के द्वितीय पद में गोचर अत्यंत शुभ साबित होगा। लंबे समय से रुके हुए कार्य अब धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे। नौकरी या व्यवसाय में नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा और स्थिति में वृद्धि होगी। धन संबंधी मामलों में स्थिरता आएगी और अचानक लाभ होने के योग बन सकते हैं। पारिवारिक जीवन शांतिपूर्ण रहेगा और घर का माहौल सुख-शांति से भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य के मामले में सामान्यतः स्थिति ठीक रहेगी, बस तनाव और मानसिक थकान पर ध्यान रखना जरूरी है। अपने प्रयासों में लगातार बने रहें, क्योंकि इस समय आपके प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाएंगे।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए शनि का गोचर विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। लंबे समय से अटके हुए धन संबंधी और व्यवसायिक काम अब पूर्ण होंगे। नौकरी में पदोन्नति या वेतन वृद्धि की संभावनाएं भी बन रही हैं। पारिवारिक जीवन में सुख और सहयोग मिलेगा, घरेलू मामलों में संतुलन बना रहेगा। पुरानी परेशानियों का समाधान भी आसानी से होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और निवेश के नए अवसर सामने आ सकते हैं। इस समय आत्मविश्वास बढ़ाने वाले कामों में भाग लेने से सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य के मामले में थोड़ा सतर्क रहना आवश्यक है, विशेषकर पाचन और थकान संबंधी मामलो में।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए शनि का स्व-नक्षत्र में गोचर अत्यंत शुभ फल लेकर आया है। पिछले कुछ समय से अटके हुए कार्य अब गति पकड़ेंगे और नए अवसर उत्पन्न होंगे। नौकरी और व्यवसाय में नई दिशा प्राप्त होगी और पुराने निवेश लाभ देने लगेंगे। धन और समृद्धि की प्राप्ति से घर का वातावरण खुशहाल रहेगा। परिवार और मित्रों के सहयोग से सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न होंगे। इस समय आत्मनिर्भर रहकर निर्णय लेना विशेष लाभदायक होगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन मानसिक शांति बनाए रखना आवश्यक है। इस अवधि में नई योजनाओं की शुरूआत करने से विशेष लाभ होगा।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, शनिवार 21 फरवरी, 2026



## खबर एक नजर...

### हिरासत में जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपी

**उज्जैन।** सिंधी कालोनी चौराहा शिवमंदिर के पास गुरूवार-शुक्रवार रात कुशलपुरा में रहने वाले लक्की पिता कैलाश पंवार 18 साल पर विशाल और विश्वास ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया था। लक्की पेट में चाकू लगने पर गंभीर घायल हो गया था। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी और घायल को अस्पताल पहुंचाया था। मामले में हमलावरों के खिलाफ धारा 296 (बी), 115 (2), 109 (1), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। शुक्रवार दोपहर विशाल और विश्वास को हिरासत में ले लिया गया। दोनों से पूछताछ कर अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। थाना प्रभारी के अनुसार हमला करने वाले भी घायल के क्षेत्र में ही रहते है। उनके बीच पुराना विवाद चला आ रहा है।

### पुराने लेनदेन की बात पर 2 लोगों में चली लाठियां

**उज्जैन।** कायथा के ग्राम नलेसरी में रहने वाले तेजपाल पिता पूनमचंद परमार और बना पिता लालजीराम सोनगरा के बीच शुक्रवार दोपहर को पुराने लेनदेन की बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच लाठियां चली और एक दूसरे पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुलिस थाने पर पहुंचने पर दोनों की ओर से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### खुद का गला काटने वाला युवक अस्पताल से भागा

**उज्जैन।** खुदा गला काटने के बाद युवक लहूलुहान हो गया, उसे चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन कुछ देर बाद युवक अस्पताल से भाग निकला। चरक अस्पताल में शुक्रवार शाम कार्तिक मेला ग्राउंड से नेपालसिंह नामक व्यक्ति घायल हालत में राहुल पिता शिवपाल 21 साल को लेकर पहुंचा था। राहुल का गला कटा हुआ था और वह लूहलुहान हालत में था, डॉक्टरों ने इमरजेंसी कक्ष में उपचार कर वार्ड में भर्ती किया। मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई। प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव घायल की जानकारी जुटाने और बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंचे, लेकिन उससे पहले युवक अस्पताल से भाग निकला था। उसे अस्पताल लाने वाले नेपालसिंह के नम्बर पर कॉल किया गया, लेकिन उसका मोबाइल भी नहीं लग रहा था। बताया जा रहा है कि घायल राहुल साठिया समुदाय का है, संभवतः उसने शराब के नशे में खुद का गला काट था। प्रधान आरक्षक रत्नेश के अनुसार घायल के मिलने पर ही घटना का पता चल पायेगा।

### ग्रामीण ने शराब के साथ मिलाकर गटका जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** दो दिनों से शराब पी रहे ग्रामीण ने गुरूवार शाम जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर भाई को मोबाइल पर जानकारी दी। भाई शराब दुकान के सामने से अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां रात में उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्राम दाऊदखेड़ी में रहने वाला विरेन्द्र पिता भारतसिंह 30 साल को गुरूवार शाम भाई नरेन्द्र आगररोड स्थित शराब दुकान के सामने से बेसुध हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। जहां आधी रात को विरेन्द्र की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और रात में बॉडी पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाई गई। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई नरेन्द्र ने बताया कि विरेन्द्र 2 दिन से शराब पी रहा था। शाम उसने मोबाइल पर बताया कि आगररोड शराब दुकान के सामने हूं, जहर खा लिया है। विरेन्द्र खेती किसानी का काम करता था और 2 बच्चों का पिता था, उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस ने शव अंतिम संस्कार के लिये सौंप मामले की जांच शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 678-1 | 350-8 |
| मेन बाजार | 139-3 | 117-9 |
| मिलन डे | 568-9 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 230-5 | 139-3 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 |

**आरपीएफ टीम ने पकड़ा, ट्राली बेग में छुपाकर रखी थी**

# ट्रेन में सवार 3 लोगों के पास मिली हजारों की अंग्रेजी शराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर-पटना ट्रेन में सर्चिंग की दौरान आरपीएफ टीम ने 3 लोगों को पकड़ा और उनके ट्राली बेग की तलाशी ली। जिसमें अंग्रेजी शराब की 60 बोतल रखी होना सामने आई। तीनों को जीआरपी के हवाले किया गया। तीनों इंदौर से शराब लेकर ट्रेन में सवार हुए थे।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि इंदौर-पटना ट्रेन में आरपीएफ टीम द्वारा सर्चिंग की जा रही थी। तभी 3 संदिग्ध युवक दिखाई दिये। आरपीएफ टीम ने उनके पास मौजूद ट्राली बेगों की तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब की बोतले भरी होना पाई गई। तीनों को शुजालपुर स्टेशन पर उतारा गया और जीआरपी को सूचना दी गई। जीआरपी की टीम ने



तीनों लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की तो उनके नाम राज पिता दिलीप रघुवंशी, पंकज पिता श्यामलाल निवासी रेडवाल कालोनी भागीरथपुरा इंदौर और अंकित पिता विजय आपटे देवेन्द्र नगर न्यू पलासिया इंदौर सामने आये। उनके पास से बरामद अंग्रेजी शराब की 60 बोलतों की कीमत 84 हजार रुपए होना सामने आई। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। तीनों इंदौर से शराब लेकर ट्रेन में सवार होना सामने आये है। फिलहाल इस बात का पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां लेकर जा रहे थे।

### मादक पदार्थ के साथ शराब का परिवहन

सड़क मार्ग से शराब का अवैध परिवहन होने के मामले तो हमेशा सामने आते है। लेकिन अब अवैध कारोबार करने वालों ने ट्रेनों को भी परिवहन का साधन बना लिया है। ट्रेनों के माध्यम से शराब और मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा है। पूर्व में भी जीआरपी और आरपीएफ की टीमें ट्रेनों और प्लेटफार्म से शराब-मादक पदार्थ पकड़ चुकी है। अवैध कारोबार करने वाले ट्राली बेग, सूटकेस में आसानी से शराब और मादक पदार्थ छुपाकर ट्रेनों में सवार हो जाते है। कुछ समय पहले जीआरपी ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ पकड़ा था।

# सिंहस्थ महाकुंभ में यातायात प्रबंधन योजना पर बैठक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महाकुंभ में यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण कैसा हो इसको लेकर योजना तैयार की जा रही है। शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, एएसपी आलोक शर्मा, यातायात डीएसपी विक्रम कनपुरिया, दिलीपसिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सिंहस्थ महाकुंभ के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के साथ ट्रैफिक रूट, भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन पर चर्चा की गई। इस दौरान डायवर्सन प्लान, पार्किंग व्यवस्था, आपातकालीन मार्ग, वीआईपी मूवमेंट संबंधी व्यवस्थाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अधिनिस्थों को निर्देश जारी किये गये कि सभी व्यवस्थाओं को सुचारू, सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिये संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाये। वहीं आमजन से सहयोग की अपील करते हुए सिंहस्थ महाकुंभ को शांतिपूर्ण रूप से सफल बनाने की कार्ययोजना का विस्तार किया जाये।

# पेड़ लटका मिला अर्द्धनग्न युवक इंदौर से था लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**19 दिन बाद हुई पहचान, खोदकर निकाला शव**

पेड़ पर अर्द्धनग्न हालत में फंदे पर लटका मिला मृतक युवक इंदौर से लापता था। 19 दिन बाद उसकी पहचान होने पर पुलिस ने दफनाया गया शव खोदकर निकाला और परिजनों के सुपुर्द किया।

माधवनगर थाना एएसआई एमएस अलावा ने बताया कि 1 फरवरी को सेठीनगर और वल्लभनगर के बीच खाली मैदान में बबलू के पेड़ से एक युवक का अर्द्धनग्न शव रेलवे की चादर से बने फंदे पर लटका मिली था। 2 दिनों तक पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद लाश को दफना दिया गया। मृतक की पहचान के लिये सीसीटीवी कैमरे भी देखे गये थे। लेकिन कुछ खास पता नहीं चल पाया था। मृतक युवक की पहचान और परिजनों का पता लगाने के लिये पुलिस पोर्टल पर जानकारी और मृतक का फोटो अपलोड किया था। 19 दिन बाद पता चला कि मृतक युवक की गुमशुदगी इंदौर के बाणगंगा थाने में दर्ज है। युवक की पत्नी ने उसके लापता होने पर शिकायत दर्ज कराई थी। मृतक इंद्रजीत पिता दिलीपसिंह तोमर था और मूलरूप



से झांसी का रहने वाला था, इंदौर में 2 साल से रहकर मजदूरी का काम कर रहा था। शराब पीने का भी आदी था। शव मिलने के 2 दिन बाद उसकी गुमशुदगी दर्ज हुई थी। पहचान होने पर भाई संजीवसिंह परिजनों के साथ उज्जैन पहुंचा था। शव का दफना दिया गया था, जिसके चलते एसडीएम से अनुमति लेकर शव को गड्ढा खोलकर निकाला गया और परिजनों के सुपुर्द किया गया। भाई ने बताया कि इंद्रजीत 3 बच्चों का पिता था। भाई के अनुसार शराब पीना शुरू करता था तो 8-10 दिन तक लगातार पी रहता था। उसे पूर्व में कई बार समझाया गया, लेकिन उसने शराब पीना नहीं छोड़ा था।

### जहरीली शराब के साथ पकड़ाई हरियाणा की महिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पांड्याखेड़ी ब्रिज के नीचे एमआर-5 मार्ग से चिमनगंज थाना पुलिस ने गुरूवार रात हरियाणा के ग्राम चांट जिला पलवल की रहने वाली बबली पति दिनेश चौहान 30 साल निवासी को महिला पुलिस बल की मदद से हिरासत में लिया। बबली चौहान के पास से प्लास्टिक की केन में भरी जहरीली शराब बरामद की गई है। महिला के साथ ही छोटी मायापुरी क्षेत्र में जाली वाले कुएं के पास से कुलदीप उर्फ फुक्को उर्फ सुलेचन पिता जगदीश गोर निवासी गांधीनगर को पकड़ा। उसके पास से भी जहरीली शराब से भरी केन बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले गुरूवार दोपहर को पुलिस ने कानीपुरा मार्ग पन्ना श्री होटल के पास कच्चे रास्ते से थार गाड़ी में सवार गाजियाबाद के लक्ष्मीविहार कालोनी मालीवाड़ा चौक में रहने वाले दीपक पिता विजेन्द्रसिंह को गिरफ्तार किया था। उसकी थार गाडी से 2 प्लास्टिक की केन में भरी 56 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद की गई थी।

# छात्रा को ब्लैकमेल कर अनैतिक कृत्य करने वाला पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

छात्रा को ब्लैकमेल कर अनैतिक कृत्य करने वाले आरोपी को 24 घंटे में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि कक्षा 8 वीं में अध्ययन करने वाली नाबालिग छात्रा ने 18 फरवरी को परिजनों के साथ आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि घर के सामने चल रहे सड़क निर्माण कार्य



में काम करने वाले मजदूर युवक द्वारा उसे अपना मोबाइल नम्बर दिया गया और बात करने का दबाव बनाने लगा। बात नहीं करने पर बदनाम करने की धमकी दे रहा था। 18 फरवरी को स्कूल से लौटते समय उक्त युवक गणेश चौक से उसे जबरदस्ती आटो में बैठाकर ले गया और हरिफाटक ब्रिज के पास गार्डन के समीप झोपड़ी में ले गया। जहां उसके द्वारा जबरदस्ती की गई और मोबाइल से फोटो वीडियो बना लिये। उसने धमकी दी कि किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देगा। उसके द्वारा ब्लैकमेल किया जाने लगा था। युवक की उसे हरिफाटक से घर के पास छोड़कर भाग गया है। अपने साथ हुई घटना परिजनों को बताई तो वह थाने लेकर आये। थाना प्रभारी के अनुसार मामला गंभीर होने पर तत्काल मामले में धारा137 (4), 65 (1), 351 (3) बीएनएस और 3/11 पॉस्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी की तलाश शुरू की गई और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जांच शुरू कर 24 घंटे में बंधन मैरिज गार्डन हरिफाटक ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित युवक आगर के सुल्तानपुर का रहने वाला करण दायमा उर्फ करण बंजारा पिता जगदीश दायमा 21 साल है। वह कुछ महिनों ने सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। आरोपित से अनैतिक कृत्य के दौरान वीडियो बनाने के लिये प्रयुक्त किया गया मोबाइल जप्त किया गया है। शुक्रवार दोपहर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। नाबालिग छात्रा के साथ हुई घटना में आरोपित को गिरफ्तार करने में एसआई भंवरसिंह निगवाल, आरक्षक शंकरसिंह, ब्रजभूषण और जितेन्द्र पटेल की भूमिका रही।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com